Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
# वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 220 | गुरुवार, 20 अगस्त-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# जापानी तकनीक और यूपी की औद्योगिक क्षमता से बनेगा निवेश का नया अध्याय

## कुबोटा और स्पार्क मिंडा के शीर्ष अधिकारियों ने सीएम योगी के नेतृत्व की सराहना की, साझा किए अनुभव और भविष्य की निवेश योजनाएं

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 के उद्घाटन एवं दो महत्वपूर्ण प की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जापान और भारत के प्रमुख उद्योग समूहों ने उत्तर प्रदेश को निवेश, मैन्युफैक्चरिंग और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ केंद्र बताया। समारोह में कुबोटा कॉरपोरेशन जापान और स्पार्क मिंडा कॉरपोरेशन लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश में अपने निवेश, साझेदारी के अनुभव और भविष्य की संभावनाओं को साझा किया। दोनों उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रदेश में उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर, कुशल मानव संसाधन, बड़े बाजार, निवेश-अनुकूल नीतियों और सरकार के सहयोग को औद्योगिक विस्तार के लिए महत्वपूर्ण आधार बताया।भौगोलिक संदर्भ








कुबोटा सीईओ ने कहा कि 135 वर्षों से अधिक समय से कुबोटा लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और समाज में योगदान देने के उद्देश्य से काम कर रहा है।कंपनी की फिलॉसफी के अनुरूप वह बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए लोगों के हित में काम करती रहेगी।उन्होंने भारत में कुबोटा की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में कंपनी की मौजूदगी उसकी मजबूत साझेदारियों के कारण लगातार सुदृढ़ हुई है।उन्होंने नंदा परिवार और उनकी संस्था का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इस परिवार ने दशकों से भारत की सेवा की है और देश में कृषि के मशीनीकरण में अग्रणी भूमिका निभाई है।नंदा परिवार के नेतृत्व के साथ कुबोटा की साझेदारी आगे भी और मजबूत होती रहेगी।कुबोटा और उसके भारतीय साझेदारों की साझी महत्वाकांक्षा भविष्य के लिए एक मजबूत एक्सपोर्ट बेस तैयार करना है। जापान की विश्वस्तरीय तकनीक और भारतीय साझेदारों की स्थानीय समझ एवं क्षमता मिलकर इस दिशा में नई संभावनाएं पैदा कर सकती हैं।

आकाश मिंडा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में औद्योगिकीकरण के लिए मजबूत फाउंडेशन तैयार हुआ है। प्रदेश में एक्सप्रेसवे, फ्रेट कॉरिडोर, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, वर्ल्ड क्लास लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्रियल पार्क, स्किल्ड मैनपावर और स्मार्ट टाउनशिप जैसी सुविधाओं का विस्तार हुआ है।उन्होंने हाल में संचालित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ऐसी कई योजनाओं और परियोजनाओं को हकीकत में बदलते हुए देखा गया है, जो कुछ समय पहले तक केवल एक परिकल्पना मात्र थीं।

### कारोबार के साथ रोजगार और विकसित भारत में योगदान है लक्ष्य

आकाश मिंडा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश का उद्देश्य केवल बिजनेस ग्रोथ तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करना भी होना चाहिए। कंपनी का लक्ष्य प्रदेश में अपनी औद्योगिक उपस्थिति का विस्तार करने के साथ रोजगार सृजन और विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान देना है। उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश में उपलब्ध अवसरों को पहचानना चाहिए और बड़े स्तर पर निवेश की संभावनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने स्वयं भी उत्तर प्रदेश में और बड़े स्तर पर निवेश करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### उत्तर प्रदेश में 9 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार

आकाश मिंडा ने बताया कि वह स्पार्क मिंडा ग्रुप का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और कंपनी ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में काम करती है। कंपनी की उत्तर प्रदेश में 40 वर्षों से अधिक समय से मौजूदगी है और वर्तमान में प्रदेश में 9,000 से अधिक लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश स्पार्क मिंडा के लिए बेहद महत्वपूर्ण राज्य है और कंपनी यहां अपनी मौजूदगी को कहीं बड़े स्तर पर विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एडवांस टेक्नोलॉजी से ईवी और इलेक्ट्रॉनिक्स तक बढ़ेगा निवेश

आकाश मिंडा ने बताया कि कंपनी उत्तर प्रदेश में एडवांस टेक्नोलॉजी, मोटर पार्ट्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा डिजाइन एवं डेवलपमेंट सेंटर जैसे क्षेत्रों में अपना निवेश बढ़ाने की तैयारी कर रही है। कंपनी डीपर लोकलाइजेशन और बैकवर्ड इंटीग्रेशन की दिशा में भी आगे बढ़ रही है। इसके लिए जापानी कंपनियों के साथ साझेदारी काफी महत्वपूर्ण है। निवेश विस्तार के साथ कंपनी प्रदेश में करीब 6,000 से 8,000 अतिरिक्त लोगों को रोजगार देने की दिशा में काम करना चाहती है।

### जापान की तकनीक और यूपी की क्षमता का संयोजन बनेगा ताकत

स्पार्क मिंडा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने जापान और दुनिया भर के उद्योगों को उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों पर विचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाएं बेहद मजबूत हैं। जापान वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी, ग्लोबल क्वालिटी और प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग लेकर आता है, जबकि उत्तर प्रदेश स्केल, टैलेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, पॉलिसी सपोर्ट, बड़ा मार्केट और बिजनेस फ्रेंडली इनवॉयरमेंट उपलब्ध कराता है। भारतीय कंपनियां स्थानीय क्षमताओं, ग्राहकों की जरूरतों की बेहतर समझ और आगे बढ़ने की इच्छा लेकर आती हैं। इन सभी क्षमताओं का संयोजन उत्तर प्रदेश को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग का महत्वपूर्ण केंद्र बनाने में मदद कर सकता है।

---

#### श्रीनगर में अमेरिकी दूत सर्जियो गोर

# जम्मू-कश्मीर को बताया भारत का अहम हिस्सा, यात्रा सलाहकार पर समीक्षा के संकेत

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**जम्मू-कश्मीर।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश के अपने पहले दौरे के दौरान जम्मू-कश्मीर को भारत का अहम हिस्सा बताया और साथ ही कहा कि अमेरिका इस क्षेत्र के लिए अपनी यात्रा सलाह पर फिर से विचार करेगा। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात के बाद कहा कि अमेरिका यात्रा से जुड़ी चेतावनियां जारी करता है और समय-समय पर हम उनकी समीक्षा भी करते हैं।

मैं आज यहां कोई बड़ी घोषणा तो नहीं कर सकता, लेकिन हम इस पर जरूर विचार करेंगे। सर्जियो गोर ने कहा कि हमारा मानना है कि नई दिल्ली, यहां के मुख्यमंत्री और सरकार ने इस इलाके को सुरक्षित बनाने और सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए शानदार कदम उठाए हैं। इसलिए, हम इस बात पर गौर करेंगे कि क्या अमेरिका की ओर से जारी यात्रा चेतावनी को कम किया जा सकता है।

यह एक खूबसूरत इलाका है; मुझे लगता है कि बहुत से अमेरिकी यहां आकर इसकी खूबसूरती और यहां मौजूद अवसरों का आनंद लेंगे।

गोर ने कहा कि यहाँ आकर बहुत अच्छा लग रहा है... यह भारत का एक अहम हिस्सा है। मैं यहाँ पहली बार आया हूँ। यह जगह बहुत ही खूबसूरत है। मैं यहाँ आकर और इस जगह को देखकर बहुत उत्साहित हूँ। हमारी अभी एक बहुत अच्छी मीटिंग हुई है। कुछ आगे की कार्रवाई करनी है, जिन्हें हम वॉशिंगटन और दिल्ली ले जाएँगे। लेकिन यह मुलाकात बहुत गर्मजोशी भरी और दोस्ताना रही, और हम इस रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।

गोर ने श्रीनगर के दौरे के दौरान ये बातें कहीं, जिससे जम्मू-कश्मीर के साथ वॉशिंगटन के रवैये में एक बड़ा बदलाव नजर आता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने अभी पूर्वी लद्दाख और लेह को छोड़कर पूरे जम्मू-कश्मीर को 'लेवल 4' यानी ₹यात्रा न करें₹ वाली एडवाइजरी में रखा है, जिसकी वजह आतंकवाद और नागरिक अशांति है। भारत में अमेरिकी राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत का पद संभालने के बाद गोर का यह जम्मू-कश्मीर का पहला दौरा है। यह दौरा अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद इलाके में बढ़े तनाव के बीच हो रहा है।

---

# पीएम केयर्स फंड में करोड़ों, फिर भी स्कूल बदहाल?

### इतनी रकम से बन जाएं 1000 हाईटेक स्कूल: दीपके

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक और राष्ट्रीय संयोजक अभिजीत दीपके ने पीएम केयर्स फंड के इस्तेमाल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है। उन्होंने कहा कि इस फंड का इस्तेमाल ग्रामीण इलाकों के स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है। दीपके की पार्टी ने ग्रामीण स्कूलों की खराब स्थिति को सामने लाने के लिए 'स्कूल ठीक करो' अभियान शुरू किया है। उनका दावा है कि देश के ग्रामीण इलाकों में बच्चों को स्कूल तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़क, स्कूलों में बैठने के लिए बेंच और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की जरूरत है। पीएम केयर्स फंड की ताजा ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक फंड में कुल 8,452 करोड़ रुपये का बैलेंस था। एक साल पहले यह राशि 7,173 करोड़ रुपये थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024-25 के दौरान फंड से कुल 87.85 लाख रुपये का भुगतान किया गया, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 15.6 करोड़ रुपये थी। ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, पीएम केयर्स फंड में मौजूद 8,452 करोड़ रुपये में से करीब 7,846 करोड़ रुपये फिक्स्ड डिपॉजिट में और 605 करोड़ रुपये सेविंग बैंक खातों में रखे गए थे। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत 2024-25 में 87.8 लाख रुपये खर्च किए गए। यह योजना कोरोना महामारी के दौरान अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावक को खोने वाले बच्चों की सहायता के लिए शुरू की गई थी। पिछले वित्त वर्ष में इस योजना के तहत 15.37 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।

---

# केन-बेतवा लिंक परियोजना के खिलाफ राहुल गांधी ने खोला मोर्चा

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** भारत सरकार की निकोबार परियोजना के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करने के बाद अब कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को जल और बिजली के क्षेत्र में संकट से बचाने के लिए प्रस्तावित केन-बेतवा नदी-लिंकिंग परियोजना के खिलाफ अपना मोर्चा खोल दिया है। राहुल ने कहा कि वह दो नदियों को जोड़ने वाली इस परियोजना के खिलाफ सत्याग्रह कर रहे आदिवासियों को समर्थन समर्थन देते हैं।

### राहुल गांधी ने मोर्चा खोला

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने बुधवार को एक्स पर केन-बेतवा नदी-लिंकिंग परियोजना से प्रभावित आदिवासियों के एक समूह के साथ अपनी हालिया बैठक का वीडियो साझा किया। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा, 'केन-बेतवा परियोजना के खिलाफ सत्याग्रह कर रहे आदिवासी भाई-बहनों की समस्याएं, मांगें, संघर्ष और व्यक्तिगत कठिनाइयां हैं। वर्षों से बुंदेलखंड के ये निवासी अपने अधिकारों के लिए अन्याय और उत्पीड़न सहन कर रहे हैं; उन्हें सम्मान और समर्थन मिलना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'इस लड़ाई में, कांग्रेस और मैं अपने आदिवासी भाई-बहनों के साथ खड़े हैं।' पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कहा कि वह इस संघर्ष में उनके साथ हैं और सरकार पर दबाव डालने के लिए स्थल का दौरा करेंगे।

वीडियो में एक आदिवासी प्रतिनिधि यह दावा करते हुए सुना जा सकता है कि यह परियोजना 21 आदिवासी-प्रधान गांवों को प्रभावित करेगी और लगभग 46 लाख पेड़ों के साथ-साथ मध्यप्रदेश स्थित पन्ना टाइगर रिजर्व पर भी असर डालेगी। प्रतिनिधि के अनुसार, लगभग 7,000 परिवारों की 11,500 एकड़ भूमि इस परियोजना के कारण खो जाएगी। उन्होंने राहुल गांधी से संसद में प्रशासन के कथित उत्पीड़न के मुद्दे को उठाने और आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया। वीडियो में राहुल गांधी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह स्थल का दौरा करेंगे और सरकार पर दबाव डालेंगे। 44,605 करोड़ रुपये की केन-बेतवा लिंक परियोजना देश की पहली नदी-लिंकिंग परियोजना है। इस परियोजना के तहत मध्य प्रदेश में केन नदी के अतिरिक्त जल को उत्तर प्रदेश की जलसंकट वाली बेतवा नदी को भेजा जाएगा ताकि बुंदेलखंड (एमपी व यूपी में फैले) क्षेत्र को सूखे से मुक्त कराया जा सके। इसका उद्देश्य 10.62 लाख हेक्टेयर भूमि की सालाना सिंचाई करना, करीब 62 लाख लोगों को पेयजल देना और मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में सूखा प्रभावित बुंदेलखंड क्षेत्र में 103 मेगावाट का जल विद्युत उत्पादन और 27 मेगावाट की सौर ऊर्जा का उत्पादन करना है।

---

# दिल्लीके टिकरी कलां सीएनजी स्टेशन पर सिलेंडर फटने से 3 की मौत, 3 अन्य घायल




**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के टिकरी कलां क्षेत्र में एक सीएनजी स्टेशन पर गैस भरते समय एक ट्रक का गैस सिलेंडर फटने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गये। दिल्ली पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों मृतक सीएनजी स्टेशन के कर्मी हैं। अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न 3.37 बजे घटना की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि ट्रक के आसपास खड़े छह लोग विस्फोट की चपेट में आ गये। पुलिस के मुताबिक, मनीष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सन्नी और चार अन्य लोगों को निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान सन्नी की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीसरे मृतक की पहचान की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि तीन घायलों की हालत गंभीर है।

---

# झारखंड सरकार ने रद्द कीं 22 भर्ती परीक्षाएं, 23 की जांच के दिए आदेश

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर 26 दिनों से जारी छात्रों के आंदोलन के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार ने 2014 से राज्य लोक सेवा आयोग (पीसीएस) और एक आउटसोर्स एजेंसी द्वारा आयोजित 22 भर्ती परीक्षाओं को रद्द कर दिया है और 23 अन्य परीक्षाओं की जांच के आदेश दिए हैं। सरकार के इस फैसले से उन उम्मीदवारों के लिए चिंता पैदा हो गई है, जो इन परीक्षाओं को सफलतापूर्वक पास करने के बाद विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी करने लगे थे। रद्द की गई परीक्षाओं में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग-संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा भी शामिल है।

इसके बाद परीक्षा में सफल होकर सरकारी नौकरी पाने वाले उम्मीदवार सड़कों पर उतर आए हैं। यह फैसला सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक के बाद लिया गया, जिसके संबंध में मंगलवार देर रात आठ अधिसूचनाएं जारी की गईं। इस फैसले के दायरे में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक, तकनीकी और न्यायिक पदों पर भर्ती के लिए आयोजित परीक्षाएं शामिल हैं।

यहां जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में छात्रों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म मंच ने कहा कि वह जल्द ही अपने अगले कदम पर फैसला करेगा। रिफॉर्म मंच के प्रवक्ता पीयूष कुमार सिंह ने कहा कि संगठन सरकार के फैसलों के दायरे और उनके क्रियान्वयन को लेकर स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारी बैठक हो रही है।' झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के नेता देवेंद्र महतो ने कहा कि वह जल्द ही आंदोलन के दूसरे चरण की शुरूआत करेंगे।



महतो ने सरकार की घोषणा के बाद 16 दिनों से जारी अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी थी। उन्होंने मांग की है कि भविष्य में होने वाली जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाएं 'प्रश्नपत्र लीक और अन्य अनियमितताओं से मुक्त' हों। इसके अलावा उन्होंने एक निगरानी समिति गठित करने और भर्ती प्रक्रिया के व्यापक ऑडिट की भी मांग की है।

परीक्षाएं रद्द करने के फैसले पर सरकार ने कहा कि भर्ती व्यवस्था में लोगों का विश्वास बहाल करने के लिए यह कदम जरूरी था, क्योंकि परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। हालांकि, इस फैसले के बाद जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पास कर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्त किए गए करीब 2,000 अभ्यर्थियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सोमवार को परीक्षा रद्द करने की घोषणा के एक दिन बाद मंगलवार को इन अभ्यर्थियों ने राज्य सचिवालय से रांची के बिरसा चौक तक मार्च निकाला।

नियुक्त अभ्यर्थियों ने कहा कि उन्हें जांच से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वे पूरी परीक्षा रद्द किए जाने के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि जिन लोगों को दोषी पाया जाए, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, न कि उन अभ्यर्थियों के खिलाफ जिन्होंने वैध चयन प्रक्रिया के जरिए सरकारी नौकरी हासिल की है। इस बीच, भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच भी तेज कर दी गई है।

झारखंड अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने मुख्य आरोपी अभय तिवारी की पत्नी सुषमा कुमारी और उसके भाई अक्षय तिवारी को कई घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। सीआईडी ने गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर तैनात अभय तिवारी को भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मामले में 22 जुलाई को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान सीआईडी को पता चला कि तिवारी ने पिछले 13 वर्ष में करीब 12 प्रतियोगी परीक्षाएं पास की थीं।

अधिकारियों का दावा है कि तिवारी ने जांचकर्ताओं को बताया कि अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए कथित तौर पर अलग-अलग ''रेट चार्ट'' इस्तेमाल किए जाते थे और इनकी रकम दो लाख रुपये से लेकर 70 लाख रुपये तक थी। जांच एजेंसी ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के सचिव सुधीर गुप्ता से भी आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ की। हाल की गिरफ्तारियों के साथ इस मामले में पकड़े गए आरोपियों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है।

## संपादक की कलम से

# परीक्षा की शुचिता और नौकरी की सुरक्षा: झारखंड की चुनौती

झारखंड में सरकारी भर्ती परीक्षाओं को लेकर पिछले पच्चीस दिनों से चला आ रहा छात्र आंदोलन अब एक नए और अधिक जटिल चरण में पहुंच गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने छात्र आंदोलन के दबाव, परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और परीक्षा संचालन की विश्वसनीयता पर उठे गंभीर सवालों के बीच जेएसएससी-सीजीएल, चैदहवीं जेपीएससी सहित टीडीपीएल से जुड़ी अनेक भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की है। सरकार ने वर्ष 2014 के बाद हुई नियुक्ति परीक्षाओं की जांच कराने और व्यवस्था में सुधार के लिए भी कदम उठाने की बात कही है। इस फैसले से आंदोलनरत छात्रों को बड़ी राहत मिली है, लेकिन इसके साथ ही पहले से चयनित होकर सरकारी सेवा में कार्यरत हजारों युवाओं के सामने रोजगार और भविष्य का संकट खड़ा हो गया है। यही विरोधाभास झारखंड के वर्तमान भर्ती विवाद को केवल परीक्षा घोटाले का मामला न बनाकर न्याय, प्रशासनिक जवाबदेही और मानवीय संवेदना का गंभीर प्रश्न बना देता है। रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में 25 जुलाई 2026 से शुरू हुआ छात्रों का आंदोलन जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, अनियमितताओं और पारदर्शिता की कमी के विरोध में था। छात्र विभिन्न परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच, संदिग्ध प्रक्रियाओं को निरस्त करने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने सोलह दिनों तक आमरण अनशन किया। सरकार की घोषणा के बाद उन्होंने अनशन समाप्त किया, हालांकि कुछ छात्र अब भी केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने की मांग पर कायम हैं। सरकार ने आठ अलग-अलग अधिसूचनाओं के माध्यम से कुल 44 परीक्षाओं को रद्द करने की सूची जारी की है। यदि किसी परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक हुआ हो, संगठित धांधली हुई हो या चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली गंभीर अनियमितता प्रमाणित हो, तो उस प्रक्रिया की जांच और आवश्यक होने पर परीक्षा रद्द करना स्वाभाविक रूप से जरूरी है। सरकारी नौकरी के लिए प्रतियोगिता करने वाले लाखों युवाओं का विश्वास तभी कायम रह सकता है, जब उन्हें यह भरोसा हो कि उनकी मेहनत किसी दलाल, भ्रष्ट अधिकारी, परीक्षा संचालक या अनुचित साधन अपनाने वाले व्यक्ति के कारण व्यर्थ नहीं जाएगी। इसलिए छात्रों की पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती व्यवस्था की मांग पूरी तरह जायज है। लेकिन समस्या उस समय गंभीर हो जाती है जब किसी परीक्षा में हुई सामूहिक अनियमितता के कारण उन अभ्यर्थियों को भी नौकरी से हटाने का फैसला किया जाता है जिनके विरुद्ध व्यक्तिगत स्तर पर किसी गलत आचरण का प्रमाण नहीं है। जेएसएससी-सीजीएल के चयनित कर्मचारियों का वर्तमान विरोध इसी मूल प्रश्न को सामने रखता है। दिसंबर 2023 में परीक्षा आयोजित हुई थी। पेपर लीक के आरोपों के बाद सितंबर 2024 में परीक्षा दोबारा आयोजित की गई। मामला न्यायालय तक पहुंचा और न्यायिक प्रक्रिया के बाद परिणाम घोषित किए गए। सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी दिए गए और अनेक लोग सरकारी सेवा में कार्यरत हो गए। अब पूरी प्रक्रिया को निरस्त किए जाने से लगभग दो हजार चयनित कर्मचारी सीधे प्रभावित हुए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार करीब 1975 लोगों की नियुक्तियां इस फैसले से प्रभावित हुई हैं। इन कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परीक्षा दी, सफलता प्राप्त की, नियुक्ति पत्र पाया और सेवा में योगदान किया। यदि किसी स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है तो उसकी जांच हो, लेकिन सभी चयनित अभ्यर्थियों को दोषी मानकर नौकरी से हटाना न्यायसंगत नहीं है।



ललित शर्मा
संपादक

# जो बोओगे, वही पाओगे: कर्मों का फल तय करता है हमारा भविष्य



किशन भावनानीं
लेखक

वैश्विक स्तरपर मानव जीवन का सबसे बड़ा सत्य यह है कि कर्म के बिना कोई फल नहीं। 'जो बोएगा वही पाएगा, तेरा किया आगे आएगा' यह केवल एक कहावत नहीं बल्कि समूचे जीवन का सिद्धांत है।यह वाक्य धार्मिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और राजनीतिक, चारों स्तरों पर समान रूप से लागू होता है। हर धर्म, हर दर्शन और हर सभ्यता ने किसी न किसी रूप में कर्म के परिणाम को स्वीकार किया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि आज जब दुनिययाँ तेज रफ़्तार से आगे बढ़ रही है, तब यह पंक्ति हमें चेतावनी देती है कि हर क्रिया का परिणाम निश्चित है, चाहे वह व्यक्ति का कर्म हो या राष्ट्र की नीतियाँ।

साथियों बात अगर हम इस बात को धार्मिक दृष्टिकोण से देखकर समझने की करें तो, ईश्वर न्यायकारी है, पर कर्म निर्णायक हैं, हर धर्म की आत्मा में कर्म का सिद्धांत रचा-बसा है।हिंदू धर्म में कहा गया है, 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' अर्थात मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता उसे नहीं करनी चाहिए, क्योंकि फल तो उसके कर्मों का ही परिणाम है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में स्पष्ट किया कि अच्छे कर्म शुभ फल लाते हैं, और अधर्म विनाश का कारण बनता है।बौद्ध धर्म में भी यही सिद्धांत 'कर्म' और 'कर्मफल' के रूप में समझाया गया है, कि प्रत्येक प्राणी अपने कर्मों से ही पुनर्जन्म या मुक्ति प्राप्त करता है। इस्लाम में भी कुरान कहता है कि 'हर आत्मा अपने कर्मों के बदले जवाबदेह होगी'।इसी प्रकार ईसाई धर्म में यह वाक्य मिलता है 'एस यू सॉव, सो शेल्ल यू रीप.' यानी जो तुम बोओगे, वही काटोगे, इन सब धर्मों का निष्कर्ष यही है कि ईश्वर निष्पक्ष है, परंतु कर्म ही भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। साथियों बात अगर हम इस बात को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझने की कोशिश करें तो, कर्म ही आत्मा की यात्रा का साधन, आध्यात्मिकता का उद्देश्य केवल मोक्ष या मुक्ति नहीं, बल्कि आत्म-साक्षात्कार है। आत्मा शाश्वत है, परंतु उसके अनुभव कर्मों से निर्मित होते हैं। यदि कोई व्यक्ति प्रेम, सत्य और दया का बीज बोता है, तो उसकी आत्मा शांति और आनंद का फल प्राप्त करती है। परंतु यदि वह घृणा, लोभ और हिंसा का बीज बोता है, तो उसका परिणाम पीड़ा और अशांति के रूप में सामने आता है। आध्यात्मिक दृष्टि से कर्म योग ही जीवन का परम मार्ग है, जब व्यक्ति बिना स्वार्थ, बिना अहंकार, केवल कर्तव्य भावना से कार्य करता है, तब वह ईश्वर के समीप पहुँचता है।आज के युग में जब तनाव, प्रतिस्पर्धा और असंतोष बढ़ गया है, तब यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है कि मनुष्य का प्रत्येक कर्म उसके भीतर ऊर्जा के रूप में अंकित होता है। वही ऊर्जा भविष्य में सुख या दुख के रूप में उसे लौटती है। साथियों बात अगर हम इस



बात को सामाजिक दृष्टिकोण से समझने की करें तो, जैसा समाज बोएगा, वैसा ही फल पाएगा, समाज व्यक्तियों से बनता है, और व्यक्तियों के कर्मों का सम्मिलित प्रभाव ही समाज की दिशा तय करता है।,यदि समाज शिक्षा, समानता, और सेवा का बीज बोता है, तो वह प्रगति, शांति और भाईचारे का फल पाता है। पर यदि समाज जातिवाद, भ्रष्टाचार, हिंसा और असहिष्णुता का बीज बोता है, तो उसका परिणाम अव्यवस्था, गरीबी और विघटन के रूप में प्रकट होता है।भारत जैसे देश में, जहाँ 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का आदर्श रहा है, वहां आज भी यह पंक्ति सामाजिक नैतिकता की रीढ़ है।हर नागरिक यदि अपने स्तर पर ईमानदारी, सह-अस्तित्व और सेवा की भावना अपनाए, तो राष्ट्र स्वयं बदल जाएगा सामाजिक विज्ञान कहता है कि 'सामूहिक कर्म संस्कृति बनाते हैं', और संस्कृति राष्ट्र की पहचान। इसलिए समाज का प्रत्येक कदम आने वाली पीढ़ियों का बीज है, जैसा आज हम बो रहे हैं, वैसा ही कल हमारा समाज पाएगा। साथियों बातें कर हम इस बात को राजनीतिक दृष्टिकोण से समझने की करें तो, राजनीति में भी कर्मफल का अटल नियम हैं, राजनीति वह मंच है जहाँ राष्ट्र का भाग्य लिखा जाता है। परंतु यहाँ भी कर्म का सिद्धांत उतना ही प्रबल है।जो नेता जनता के विश्वास को तोड़ते हैं, जो सत्ता के लिए झूठ और छल का सहारा लेते हैं, उन्हें इतिहास भुला देता है।राजनीतिक इतिहास साक्षी है कि जिन शासकों ने न्याय, सेवा और जनहित का बीज बोया, वे युगों-युगों तक पूजे गए।महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का बीज बोया, और आज भी उनका नाम मानवता का प्रतीक है। वहीं, जिन तानाशाहों ने अत्याचार और अहंकार का बीज बोया, उन्हें इतिहास ने धूल में मिला दिया। आधुनिक राजनीति में भी 'कर्म का फल' तत्काल या दीर्घकाल में सामने आता है। जो सरकारें जनता के हित में कार्य करती हैं, उन्हें पुनः जनादेश मिलता है; और जो केवल वादों का बीज बोती हैं, वे पराजित होती हैं।इसलिए राजनीति में भी यह सिद्धांत अमर है, 'तेरा किया आगे आएगा।' राजनीतिक नैतिकता और कर्मफल का सन्देश-जब राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का साधन बन जाए, तब 'कर्मफल सिद्धांत' सबसे बड़ा सुधारक सिद्ध होता है।राजनेता, जो आज झूठे वादे बोते हैं, उन्हें कल जनता की नाराजगी का फल मिलता है।जो नेता सेवा और समर्पण बोते हैं, उन्हें इतिहास सम्मान देता है। भारत, अमेरिका, जापान, दक्षिण अफ्रीका या ब्रिटेन, हर लोकतंत्र में यह नियम समान रूप से लागू है कि जनता वही पाती है, जो उसने चुना है; और नेता वही पाते हैं, जो उन्होंने बोया है। साथियों बात अगर हम कर्म, भाग्य और विज्ञान ऊर्जा के परिपेक्ष में के संरक्षण का सिद्धांत को समझने की करें तो यह सिद्धांत केवल धार्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी सत्य है।भौतिकी का 'एनर्जी कंसर्वेशन लॉ' कहता है कि ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती, केवल रूप बदलती है।ठीक वैसे ही मनुष्य के कर्म भी ऊर्जा के रूप में ब्रह्मांड में अंकित रहते हैं। जबव्यक्ति कोई अच्छा या बुरा कार्य करता है, तो उसकी ऊर्जा लौटकर उसी के जीवन में किसी रूप में प्रभाव डालती है।आधुनिक मनोविज्ञान भी मानता है कि व्यक्ति का व्यवहारिक कर्म उसकी मानसिक स्थिति का दर्पण होता है।जो व्यक्ति नकारात्मक कर्म करता है, वह भीतर से अशांत रहता है। जो व्यक्ति सकारात्मक कर्म करता है, उसके चेहरे पर आत्मविश्वास और संतोष झलकता है।बहुत से लोग अपने जीवन की कठिनाइयों को भाग्य या किस्मत पर डाल देते हैं। परंतु वास्तव में भाग्य भी पूर्व कर्मों का परिणाम है।गीता में कहा गया है कि 'कर्म बीज है और भाग्य उसका फल।' यदि कोई व्यक्ति आलस्य, अज्ञान या भय का बीज बोता है, तो उसका भाग्य उसी के अनुसार फल देता है।कर्मशील व्यक्ति अपना भाग्य स्वयं गढ़ता है। राष्ट्र भी यही सिद्धांत अपनाते हैं, जिन्होंने परिश्रम, अनुशासन और नवाचार का बीज बोया, वे विश्व में अग्रणी बने; जिन्होंने लापरवाही, भ्रष्टाचार और विभाजन का बीज बोया, वे पिछड़ गए। साथियों बात अगर हम इस बात को वैश्विक स्तर पर आधुनिक परिप्रेक्ष्य में समझने की करें तो वैश्विक स्तर पर कर्म का प्रभाव- आज विश्व एक 'ग्लोबल विलेज' बन चुका है।एक देश के कर्म दूसरे देश को भयंकर प्रभावित करते हैं।जलवायु परिवर्तन का भयंकर युद्ध, आतंकवाद या शांति, सब किसी न किसी राष्ट्र या समूह के कर्मों का परिणाम हैं।जो देश पर्यावरण की अनदेखी करते हैं, वेप्राकृतिक आपदाओं का सामना करते हैं।जो राष्ट्र शांति और सहयोग की नीति अपनाते हैं, वे स्थिरता और समृद्धि का फल पाते हैं।इस प्रकार 'जैसी करनी वैसी भरनी' केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक समाज का नियम बन चुका है।मानवता के स्तरपर, कर्म का सार्वभौमिक संदेश-कर्म का यह सिद्धांत मानवता के लिए सबसे बड़ा नैतिक मार्गदर्शन है। यह कहता है कि हर मनुष्य अपने कर्मों से ही ईश्वर का प्रतिनिधि बन सकता है।यदि हर व्यक्ति अपने जीवन में सत्य, करुणा और सेवा का बीज बोए, तो पूरी पृथ्वी स्वर्ग बन सकती है।'तेरा किया आगे आएगा', यह हमें चेताता है कि हमारे हर शब्द, हर विचार और हर कार्य का असर इस सृष्टि पर पड़ता है।इसलिए जीवन में विवेक और संवेदना का बीज बोना ही सच्चा धर्म है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि कर्म का बीज, जीवन का फल, अंततः यह कहा जा सकता है कि 'जो बोएगा वही पाएगा' केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि जीवन का शाश्वत नियम है।

# नाग: मिथक नहीं इतिहास! बौद्ध परंपरा और लोकतांत्रिक विरासत की अनकही गाथा



एनके शर्मा
लेखक

प्राचीन भारत के इतिहास में 'नाग' शब्द जितना रहस्यमय है, उतना ही बहुअर्थी भी। एक ओर वैदिक, पौराणिक और बौद्ध साहित्य में नागों को सपार्कार अथवा अलौकिक शक्तियों से सम्पन्न प्राणियों के रूप में चित्रित किया गया है, तो दूसरी ओर इतिहास और मानवशास्त्र के अध्ययन में यह प्रश्न लगातार उठता रहा है कि क्या 'नाग' किसी प्राचीन मानव समुदाय, जनजातीय समूह या राजनीतिक समुदाय के लिए भी प्रयुक्त होता था? इस प्रश्न का उत्तर सरल 'हाँ' या 'नहीं' में देना इतिहास के साथ अन्याय होगा। उपलब्ध प्रमाण यह अवश्य दिखाते हैं कि प्राचीन भारत में नाग-परंपरा केवल धार्मिक कल्पना तक सीमित नहीं थी; लेकिन पाँच विशिष्ट 'नाग राजाओं' के विशाल लोकतांत्रिक गणराज्यों का निश्चित राजनीतिक मानचित्र अभी प्रमाणित इतिहास की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

बौद्ध साहित्य में 'नाग' एक अत्यंत महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक श्रेणी है। प्रारंभिक बौद्ध साहित्य के अध्ययन से पता चलता है कि नागों को कभी मानव-सदृश, कभी अलौकिक और कभी वास्तविक सर्प के रूपक से संबद्ध किया गया। एक अकादमिक अध्ययन के अनुसार, प्रारंभिक बौद्ध साहित्य में नागों की छवि बहुआयामी है—वे बुद्ध और मनुष्यों के प्रति अनुकूल भी हो सकते हैं, प्रतिकूल भी और पूजनीय सत्ता के रूप में भी उपस्थित होते हैं। इसलिए नाग को केवल आधुनिक अर्थ में 'साँप' मान लेना भी अधूरा निष्कर्ष है और प्रत्येक नाग-संदर्भ को अनिवार्य रूप से किसी ऐतिहासिक मानव जाति का प्रमाण मान लेना भी। यहीं से प्राचीन भारत की वास्तविक गणराज्य परंपरा सामने आती है। बुद्ध के समय भारत में राजतंत्र के साथ-साथ अनेक गण-संघ या गैर-राजतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्थाएँ अस्तित्व में थीं। शाक्य, कोलिय, मल्ल, लिच्छवि और वज्जि जैसे समुदायों के संबंध में बौद्ध साहित्य और आधुनिक शोध में पर्याप्त चर्चा मिलती है। इन व्यवस्थाओं में सत्ता किसी एक निरंकुश सम्राट के हाथ में न होकर कुलीन परिवारों अथवा गण-सदस्यों की सभा और परिषदों के माध्यम से संचालित होती थी।



आधुनिक इतिहासकार इन्हें प्रायः krepublicsl, kclan republicsl अथवा koligarchic republicsl कहते हैं। लेकिन यहाँ एक महत्वपूर्ण सावधानी आवश्यक है। प्राचीन गणराज्य आधुनिक सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार वाले लोकतंत्र के समान नहीं थे। सत्ता में भागीदारी प्रायः विशिष्ट कुलों अथवा योद्धा-कुलीन वर्गों तक सीमित रहती थी। अतः इन्हें 'लोकतांत्रिक' कहने से पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि यह आधुनिक लोकतंत्र नहीं, बल्कि सभा, परिषद और सामूहिक निर्णय पर आधारित गण-संघीय शासन था। रामग्राम इस इतिहास की सबसे रोचक कड़ियों में से एक है। बौद्ध परंपरा के अनुसार बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद उनके अवशेष आठ प्रमुख दावेदारों में विभाजित हुए, जिनमें रामग्राम के कोलिय भी शामिल थे। रामग्राम में बुद्ध के अवशेषों पर स्तूप निर्मित किया गया। बाद की बौद्ध परंपराओं में कहा गया कि नागों ने इस स्तूप और अवशेषों की रक्षा की तथा सम्राट अशोक भी इन्हें प्राप्त नहीं कर सके। नेपाल सरकार और वठएरउड के अभिलेख रामग्राम को बुद्ध के अवशेषों से संबद्ध महत्वपूर्ण पुरास्थल के रूप में दर्ज करते हैं। यही वह बिंदु है जहाँ 'नाग' की ऐतिहासिक व्याख्या अत्यंत आकर्षक हो जाती है। बौद्ध परंपरा में नागों को बुद्ध के धर्म से जोड़ने वाली कथाएँ असंख्य हैं। महावंश के आधुनिक अकादमिक अध्ययन में भी नागों की भूमिका केवल सर्प-देवताओं तक सीमित नहीं मानी गई; वे बुद्ध के आगमन, धर्मांतरण, अवशेषों की रक्षा और उनकी पूजा की कथात्मक संरचना में महत्वपूर्ण पात्र हैं। परंतु अनंत, वासुकी, तक्षक, कर्कोटक और ऐरावत को पाँच स्वतंत्र, विस्तृत और पूर्णतः लोकतांत्रिक मानव गणराज्यों के शासक मानने का प्रत्यक्ष ऐतिहासिक प्रमाण वर्तमान शोध में स्पष्ट रूप से उपलब्ध नहीं है। उदाहरण के लिए अनंतनाग नाम वास्तव में कश्मीर की प्राचीन नाग-परंपरा से जुड़ा है। जिला प्रशासन के ऐतिहासिक विवरण में भी इसका नाम अनंता नाग नामक प्रसिद्ध जलस्त्रोत से जुड़ा बताया गया है। किंतु इससे यह स्वतः सिद्ध नहीं होता कि वहाँ 'अनंत नाग का गणराज्य' नामक एक निश्चित राजनीतिक राज्य था। इसी प्रकार तक्षक को तक्षशिला से जोड़ना सांस्कृतिक और पौराणिक परंपराओं में आकर्षक है, लेकिन इतिहासकार तक्षशिला को प्राचीन गांधार के प्रमुख नगर के रूप में देखते हैं। गांधार का भूगोल, राजनीतिक इतिहास और तक्षशिला की भूमिका पुरातात्त्विक तथा साहित्यिक स्त्रोतों से अच्छी तरह प्रमाणित है; परंतु तक्षशिला को 'तक्षक नाग का लोकतांत्रिक गणराज्य' कहना अलग स्तर का दावा है, जिसके लिए स्वतंत्र और प्रत्यक्ष प्रमाण आवश्यक हैं। इसी तरह कर्कोटक, वासुकी और ऐरावत के नाम भारतीय धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा में अत्यंत प्राचीन हैं। लेकिन इनके नामों से विशाल राजनीतिक सीमाएँ निर्धारित करना तभी इतिहाससम्मत होगा जब अभिलेख, सिक्के, पुरातात्त्विक साक्ष्य, समकालीन साहित्य और भौगोलिक प्रमाण एक-दूसरे की पुष्टि करें। केवल नदी, नगर या पर्वत के नाम में समानता इतिहास-निर्माण के लिए पर्याप्त प्रमाण नहीं होती। नागपंचमी के संबंध में भी ऐसी ही सावधानी जरूरी है। सावन शुक्ल पंचमी को नागों की पूजा की परंपरा भारत और नेपाल सहित अनेक क्षेत्रों में अत्यंत प्राचीन और व्यापक है। उपलब्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्त्रोत इसे नाग-पूजा, वर्षा, जल, उर्वरता और सर्प-रक्षा जैसी मान्यताओं से जोड़ते हैं। नेपाल पर्यटन बोर्ड भी नागपंचमी को नाग-पूजा तथा वर्षा से संबंधित परंपरा के रूप में दर्ज करता है। लेकिन यह दावा कि इसी दिन प्राचीन नाग गणराज्यों की वार्षिक राजनीतिक पंचायत बैठती थी और मुखिया का लोकतांत्रिक चुनाव होता था, अभी स्थापित इतिहास की अपेक्षा लोकपरंपरा अथवा पुनर्व्याख्या के रूप में अधिक उपयुक्त है। पासी समाज के संदर्भ में भी इतिहास और लोकस्मृति के बीच यही अंतर महत्वपूर्ण है। समुदायों की मौखिक परंपराएँ उनकी ऐतिहासिक स्मृति का मूल्यवान हिस्सा होती हैं, लेकिन किसी आधुनिक जाति या समुदाय को सीधे किसी प्राचीन नागवंश से जोड़ने के लिए भाषावैज्ञानिक, आनुवंशिक, अभिलेखीय और पुरातात्त्विक प्रमाणों की आवश्यकता होती है।

# मैथमेटिकल साइंस: भविष्य के करियर का मजबूत आधार



डॉ विजय गर्ग
लेखक

गणित को अक्सर केवल संख्याओं, सूत्रों, समीकरणों और कठिन प्रश्नों का विषय समझ लिया जाता है। स्कूल में कई विद्यार्थियों के लिए गणित का अर्थ परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना होता है। लेकिन गणित की वास्तविक दुनिया इससे कहीं अधिक व्यापक है। आज के डिजिटल और डेटा-आधारित युग में मैथमेटिकल साइंस तेजी से ऐसे क्षेत्र के रूप में उभर रहा है, जो विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था, चिकित्सा, इंजीनियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक को प्रभावित कर रहा है।

मैथमेटिकल साइंस केवल पारंपरिक गणित तक सीमित नहीं है। इसमें गणित, सांख्यिकी, कंप्यूटेशन, मॉडलिंग, डेटा विश्लेषण और समस्या-समाधान जैसे अनेक क्षेत्र शामिल हैं। यही कारण है कि गणितीय सोच रखने वाले विद्यार्थियों के लिए भविष्य में करियर के अनेक नए रास्ते खुल रहे हैं।

### गणित अब केवल कक्षा का विषय नहीं

पहले गणित का उपयोग मुख्य रूप से विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में देखा जाता था। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। बैंकिंग से लेकर मौसम पूर्वानुमान तक, शेयर बाजार से लेकर चिकित्सा अनुसंधान तक और मोबाइल ऐप से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान तक—हर जगह गणितीय मॉडल और डेटा का महत्व बढ़ रहा है। जब कोई कंपनी यह अनुमान लगाती है कि ग्राहक कौन-सा उत्पाद खरीद सकता है, जब कोई मौसम वैज्ञानिक वर्षा की संभावना का मॉडल तैयार करता है या जब कोई डॉक्टर किसी बीमारी के जोखिम का आकलन करने के लिए डेटा का विश्लेषण करता है, तो उसके पीछे गणितीय और सांख्यिकीय सोच काम कर रही होती है।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और गणित

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी (एआई) के विस्तार ने गणित के महत्व को और बढ़ा दिया है। मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और डेटा साइंस के पीछे रैखिक बीजगणित, प्रायिकता, सांख्यिकी, कलन और अनुकूलन जैसी गणितीय अवधारणाएँ



महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अककिसी जादू का परिणाम नहीं है। इसके पीछे बड़ी मात्रा में डेटा, एल्गोरिद्म और गणितीय मॉडल काम करते हैं। इसलिए जो विद्यार्थी गणित को केवल परीक्षा के विषय के रूप में नहीं, बल्कि सोचने और समस्याओं को समझने की भाषा के रूप में सीखते हैं, उनके लिए अक्की दुनिया में बेहतर आधार तैयार हो सकता है।

### डेटा साइंस में बढ़ती भूमिका

आज की दुनिया में डेटा को नई संपत्ति माना जाता है। कंपनियाँ, सरकारें, अस्पताल, बैंक, अनुसंधान संस्थान और तकनीकी संगठन लगातार बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं। लेकिन डेटा तभी उपयोगी है जब उससे सही निष्कर्ष निकाले जा सकें। यहीं सांख्यिकी और सांख्यिकीय विज्ञान की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। डेटा में पैटर्न पहचानना, अनिश्चितता को समझना, भविष्यवाणी करना और सही निर्णय लेना—इन सबके लिए गणितीय और सांख्यिकीय कौशल आवश्यक हैं। इसलिए डेटा साइंस, बिजनेस एनालिटिक्स, रिस्क एनालिसिस और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों में गणितीय पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी संभावनाएँ हैं।

### वित्त और बैंकिंग में गणित

वित्तीय क्षेत्र भी गणितीय विज्ञान के बड़े उपयोगकर्ताओं में शामिल है। ब्याज, निवेश, जोखिम, बीमा, बाजार विश्लेषण और वित्तीय पूर्वानुमान जैसे क्षेत्रों में गणित और सांख्यिकी का व्यापक उपयोग होता है। बीमांकिक विज्ञान इसका एक अच्छा उदाहरण है। इसमें गणित, सांख्यिकी और वित्तीय सिद्धांतों की मदद से जोखिम और भविष्य की वित्तीय घटनाओं का आकलन किया जाता है। बीमा कंपनियों और वित्तीय संस्थानों के लिए ऐसे विशेषज्ञों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

### चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र

गणित का प्रभाव चिकित्सा क्षेत्र में भी तेजी से बढ़ रहा है। महामारी के प्रसार का मॉडल बनाना, दवाओं के परीक्षण से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करना, मेडिकल इमेजिंग में तकनीकों का उपयोग करना और रोगों के जोखिम का अनुमान लगाना—इन सभी क्षेत्रों में गणितीय और सांख्यिकीय विधियाँ उपयोगी हैं। भविष्य में औरगणितीय जीवविज्ञान और संगणकीय जीवविज्ञान जैसे अंतर्विषयी क्षेत्रों का महत्व और बढ़ सकता है। यहाँ गणित को जीव विज्ञान और चिकित्सा के साथ जोड़ा जाता है।

### मौसम, पर्यावरण और जलवायु

जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों के दौर में भविष्यवाणी करने वाले गणितीय मॉडल अत्यंत महत्वपूर्ण हो गए हैं। मौसम की भविष्यवाणी, बाढ़ का अनुमान, प्रदूषण के फैलाव का अध्ययन और जल संसाधनों की योजना जैसे कार्यों में गणितीय मॉडलिंग का उपयोग किया जाता है। इस क्षेत्र में गणित के साथ भूगोल, पर्यावरण विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान और डेटा विश्लेषण का ज्ञान विद्यार्थियों के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है।

### अंतरिक्ष और इंजीनियरिंग

अंतरिक्ष विज्ञान की कल्पना भी गणित के बिना नहीं की जा सकती। उपग्रहों की गति, अंतरिक्ष यान की दिशा, कक्षाओं की गणना और विभिन्न प्रणालियों के मॉडलिंग में गणित की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इंजीनियरिंग की लगभग हर शाखा में गणित आधारभूत भूमिका निभाता है। इसलिए मजबूत गणितीय आधार विद्यार्थियों को केवल गणित के क्षेत्र तक सीमित नहीं करता, बल्कि उन्हें अनेक तकनीकी क्षेत्रों के लिए तैयार करता है।

### रिसर्च और अकादमिक क्षेत्र

जिन विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने, समस्याओं को गहराई से समझने और नई विधियाँ विकसित करने में रुचि है, उनके लिए शोध का क्षेत्र भी आकर्षक हो सकता है। शुद्ध गणित, अनुप्रयुक्त गणित, सांख्यिकी, कंप्यूटेशनल गणित, ऑपरेशंस रिसर्च और गणितीय मॉडलिंग जैसे क्षेत्रों में उच्च शिक्षा और अनुसंधान के अवसर उपलब्ध हैं। शोध केवल विश्वविद्यालय में अध्यापन तक सीमित नहीं है। आज उद्योग और तकनीकी संस्थान भी जटिल समस्याओं को हल करने के लिए गणितीय विशेषज्ञों की आवश्यकता महसूस करते हैं।

## कहाँ गई शांति की आवाम

उदय कशोर साह

कविता



लुप्त हो गया गाँव में भाईचारा
लुप्त हो गई दोस्ती की धाम
ईष्या द्वेष खड़ी है दरवाजे पे
लुप्त हो गई शांति सा आवाम

भाई-भाई के बीच. खड़ी है
वैमनस्यता की बड़ी सी दीवार
नफरत की वृक्ष अड़ी पड़ी है
गन्दे हो गये यहाँ सबके विचार

होली दिवाली और दशहरा
फीके पड़ गये दोस्ती की संसार
कभी गले मिलते थे खुशी से
पाँव छूकर करते थे नमस्कार

कहाँ खो गई सुकून वाली गाँव
कहाँ खो गये वो पीपल की छाँव
आँख मिचौली बरगद की छाया
जब थे हमारे नन्हें नन्हें सी पाँव

वो नदी की कल कल सी धारा
वो पहाड़ों से आती हवा की झौंका
बाग बगीचे की वो सावन की झूले
मानवता को दे गये हर कोइ धोखा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हापुड़ में दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेले का आयोजन, 126 अभ्यर्थी चयनित व शॉर्टलिस्ट

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ





**हापुड़।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश कौशल विकास विभाग एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एस.एस.वी. पी.जी. कॉलेज, हापुड़ में विशाल दिव्यांगजन रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नरेन्द्र कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर किया।रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के लिए कुल 199 दिव्यांग अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के बाद 126 अभ्यर्थियों को विभिन्न पदों के लिए चयनित अथवा शॉर्टलिस्ट किया गया।कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री नरेन्द्र कश्यप ने कौशल विकास विभाग के 10 लाभार्थियों तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के 4 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।विभिन्न योजनाओं के लिए भी हुए पंजीकरण रोजगार के साथ दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए मेले में विभिन्न विभागों के विशेष काउंटर लगाए गए। कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत 47 दिव्यांगजनों ने आवेदन किया। कौशल विकास विभाग की योजना में 46 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। वहीं 42 लाभार्थियों ने यूडीआईडी कार्ड के लिए पंजीकरण कराया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 30 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों की रही मौजूदगी कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ श्रुति शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपनिदेशक सेवायोजन विभाग, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला समन्वयक कौशल विकास/प्राचार्य आईटीआई, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, श्रम विभाग के अधिकारी, विभागीय कर्मचारी एवं एस.एस.वी. पी.जी. कॉलेज के पदाधिकारी मौजूद रहे। अपने संबोधन में राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके कौशल विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# भूमि पर कथित अवैध कब्जे के प्रयास का मामला प्रशासन के समक्ष उठाया, जांच के दिये निर्देश

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अक्षित शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री राम अवतार सोलंकी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासनिक अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं पर वार्ता की।वार्ता के दौरान भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) के महानगर अध्यक्ष नोएडा सतीश शर्मा पुत्र रमेश चंद्र की भूमि से संबंधित मामले को प्रमुखता से उठाया गया। संगठन की ओर से अधिकारियों को बताया गया कि उक्त भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही, फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से भूमि पर कब्जा करने के प्रयास की शिकायत भी प्रशासन के समक्ष रखी गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासनिक अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष एवं शीघ्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे के प्रयास को तत्काल रोका जाए।संगठन ने कहा कि किसानों एवं संगठन के पदाधिकारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) हर स्तर पर आवाज उठाता रहेगा। इस मौके पर युवा राष्ट्रीय महासचिव नितिन पंडित, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक आबिद खान, महानगर अध्यक्ष नोएडा सतीश शर्मा, युवा मेरठ मंडल अध्यक्ष प्रमोद नेताजी, युवा प्रदेश सचिव तिनका शर्मा, तहसील अध्यक्ष दादरी ब्रज किशोर, जिला सचिव संजीव नायक सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दूध व दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए अभियान, 70 से अधिक नमूने लिए गये

वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी







**सिद्धार्थनगर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश और जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के निर्देश पर दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-क्क आरएल यादव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न बाजारों में छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। बांसी से दूध, खोया, पनीर, घी और आइसक्रीम समेत 15 नमूने लिए गए।डुमरियागंज से दूध, पनीर व खोया के तीन, तुलसियापुर चौराहे से काजू, अखरोट और बादाम के चार नमूने लिए गए।इटवा, नौगढ़, तेतरी बाजार, हैडिल तिराहा, उस्का रोड, पकड़ी, भीमापार, जोगिया उदयपुर और लुंबिनी रोड तेतरी बाजार से भी दूध, पनीर, घी, आइसकैंडी, बटर, चॉकलेट सिरप, सरबत व अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। टीम ने खाद्य कारोबारियों को भी नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हीरालाल, नीरज कुमार चौधरी और रंजन कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे।

# संगठन सृजन अभियान की समीक्षा बैठक में उमड़ी भीड़, कांग्रेस ने दिखाई एकजुटता

## राष्ट्रीय पर्यवेक्षक चेतन चौहान की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने लिया 2027 में भाजपा को हराने का संकल्प

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** 'संगठन सृजन अभियान' के तीसरे चरण की समीक्षा बैठक पिलखुवा स्थित नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय पर्यवेक्षक चेतन चौहान के साथ पीसीसी पर्यवेक्षक पंकज तेजानिया, नरेंद्र चौहान और रिजवान कुरैशी पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने छिजारसी टोल टैक्स पर पहुंचकर सभी पर्यवेक्षकों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पर्यवेक्षक चेतन चौहान ने कहा कि जनपद हापुड़ में कांग्रेस कार्यकताओं ने अपनी एकजुटता और संगठन की ताकत का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का लक्ष्य 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की मजबूत सरकार बनाने तथा 2029 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का होना चाहिए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि कार्यकताओं की एकजुटता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। यदि विधानसभा चुनाव तक सभी कार्यकर्ता इसी तरह एकजुट होकर मेहनत करते रहे, तो कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा को हराने का काम करेंगे।पिलखुवा नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी ने कहा कि उनका लक्ष्य धौलाना विधानसभा सीट पर कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आगामी नगर पालिका चुनाव में पिलखुवा में कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने के साथ ही नगर के सभी 25 वार्डों में पार्टी प्रत्याशी उतारने की तैयारी है।कार्यक्रम का संचालन दाऊद खान एवं नरेश भाटी ने किया। कार्यक्रम के बाद प्रेस वार्ता आयोजित की गई।प्रेस वार्ता में अक्ळउ ऑब्जर्वर चेतन चौहान ने बताया कि राहुल गांधी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश सहित देशभर में संगठन सृजन अभियान के तहत बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यकताओं से संवाद कर यह जानकारी ली जा रही है कि वे पूर्व जिलाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष के कार्यकाल से संतुष्ट हैं अथवा वर्तमान पदाधिकारियों के कार्यकाल से, साथ ही नए नामों को लेकर कार्यकताओं की राय भी जानी जा रही है। चेतन चौहान ने बताया कि अब तक जिलाध्यक्ष पद के लिए करीब 11-12 नाम और नगर अध्यक्ष पद के लिए 3-4 नामों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। पार्टी की प्रक्रिया अभी जारी है, इसलिए नामों का खुलासा फिलहाल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी होने में कुछ समय लगेगा और जिलाध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष की घोषणा दिल्ली स्थित कांग्रेस पार्टी मुख्यालय से की जाएगी।बैठक में शहर अध्यक्ष हापुड़ इरफान अहमद, पिलखुवा नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी पंडित अरविंद शर्मा, पूर्व प्रदेश महासचिव विजय गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, रश्मि चौधरी, गौरव गर्ग, डॉ. सलेकचंद, सौरभ शर्मा, पवन कौशिक, बॉबी त्यागी, यशपाल ढीलोर, देवेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह, सुधीर शर्मा, एडवोकेट फुरकान, शहजादा चौधरी, अमित अग्रवाल, गुलफाम अली, गोपाल भारती, महबूब अली सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षा अधिकारी ने मिड डे मील की गुणवत्ता जांचने के लिए बच्चों के साथ बैठकर स्वयं भोजन ग्रहण किया



वेलकम इंडिया/महमूद रजा

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर नगीना ब्लॉक कोतवाली के खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह जी ने कंपोजिट विद्यालय सैदपुरी महीचंद (1-8), ब्लॉक कोतवाली, बिजनौर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की समस्त शैक्षिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया। कक्षाओं में अध्यापन कार्य, बच्चों की उपस्थिति, स्वच्छता एवं विद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि विद्यालय के बच्चे शत-प्रतिशत गणवेश में और 90% उपस्थित थे। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के साथ शैक्षिक गतिविधियों में भी सहभागिता की। मिड डे मील की गुणवत्ता जांचने के लिए उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर स्वयं भोजन ग्रहण किया और भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं को उत्तम बताया। उन्होंने समस्त विद्यालय स्टाफ की मेहनत की सराहना की तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों के लिए किए जा रहे सर्वोत्तम कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में स्पिक मैके के सहयोग से भव्य हुआ शास्त्रीय संगीत समारोह आयोजित

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ में भारतीय संस्कृति एवं शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण और विद्यार्थियों को समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के उद्देश्य से स्पिक मैके (रढक्ळ टअउअ) के सहयोग से भव्य शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध सितार वादक ध्रुव बेदी ने मनमोहक सितार वादन की प्रस्तुति दी। उनके साथ विश्व प्रसिद्ध तबला वादक शंकर ज्योति सैकिया ने तबले पर संगत की। सितार और तबले की जुगलबंदी ने विद्यालय परिसर को संगीतमय बना दिया और छात्र-छात्राएं मंत्रमुग्ध होकर प्रस्तुति का आनंद लेते रहे।कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की बारीकियों, विभिन्न रागों, तालों तथा पारंपरिक वाद्य यंत्रों के बारे में जानकारी दी। संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों को कलाकारों से सीधे संवाद करने और शास्त्रीय संगीत की गहराइयों को समझने का अवसर भी प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. आयुष सिंघल एवं सचिव डॉ. रोहन सिंघल ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं विरासत का संरक्षण विद्यालय की प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को देश की महान सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों से परिचित कराने के लिए विद्यालय निरंतर प्रयासरत है प्रधानाचार्या डॉ. निधि मलिक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शास्त्रीय संगीत विद्यार्थियों में एकाग्रता, सकारात्मक सोच और मानसिक शांति विकसित करने में भी सहायक है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या द्वारा मुख्य कलाकारों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में गौरव त्यागी हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर ग्राम मोहम्मदपुर आजमपुर निवासी गौरव त्यागी हत्याकांड में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोकाली नदी के पास से गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजवीर पुत्र भौड़िया निवासी ग्राम मोहम्मदपुर आजमपुर, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ तथा जयपाल पुत्र टीका सिंह निवासी ग्राम मोहम्मदपुर आजमपुर, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध थाना हापुड़ देहात में मु0अ0सं0 353/26, धारा 191(2), 191(3), 190, 103(1) व 61(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की जा रही है। 2021 से चली आ रही थी जमीनी रंजिश पुलिस के मुताबिक मृतक पक्ष और आरोपियों के बीच पुरानी जमीनी रंजिश चली आ रही थी। जमीन से संबंधित विवाद सिविल कोर्ट हापुड़ में विचाराधीन है। इसी जमीनी विवाद को लेकर वर्ष 2021 में दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। इस संबंध में मृतक गौरव पक्ष की ओर से थाना बाबूगढ़ में मुकदमा दर्ज कराया गया था।पुलिस ने बताया कि मामले में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। थाना हापुड़ देहात पुलिस की टीम द्वारा गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# स्वच्छता अभियान की खुली पोल: गंदगी और कीचड़ में तब्दील हुई सड़कें

## जिम्मेदारों की अनदेखी से ग्रामीण परेशान, स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही भारी दिक्कत

वेलकम इंडिया/महमूद रजा



**बिजनौर।** जनपद बिजनौर की नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर में स्वच्छता व्यवस्था की बदहाली ने सरकारी दावों की पोल खोल दी है। गांव की सड़कों और रास्तों पर फैली गंदगी, कीचड़ और जलभराव के कारण ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। गांव की गलियों और मुख्य रास्तों पर जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। बारिश के बाद स्थिति और भी खराब हो जाती है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़कें कीचड़ और गंदे पानी से भर जाती हैं, जिससे रास्ते दलदल में तब्दील हो जाते हैं। पैदल राहगीरों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के स्कूली बच्चों को प्रतिदिन इन्हीं गंदे रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। कीचड़ और जलभराव के कारण कई बार बच्चों के कपड़े और जूते खराब हो जाते हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को स्कूल भेजते समय उन्हें रास्ते की स्थिति को लेकर चिंता बनी रहती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्कूल जाने वाले मार्गों की प्राथमिकता के आधार पर सफाई कराकर उन्हें सुरक्षित बनाया जाए।

### शिकायतों के बाद भी नहीं सुधरे हालात

ग्रामीणों का कहना है कि गांव की सफाई व्यवस्था को लेकर कई बार ग्राम पंचायत स्तर पर शिकायत की गई। संबंधित अधिकारियों को भी समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। लोगों का आरोप है कि गांव में सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित रह गई है, जबकि धरातल पर गंदगी और जलभराव की समस्या साफ दिखाई दे रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की ओर से गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर में इन अभियानों का असर दिखाई नहीं दे रहा है। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### बीमारियों का भी मंडरा रहा खतरा

गंदगी और जलभराव के कारण गांव में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। लंबे समय तक जमा रहने वाले गंदे पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ सकता है, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने नियमित सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल रास्तों की समस्या नहीं है, बल्कि गांव के स्वास्थ्य और बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से कार्रवाई नहीं होने से लोगों में रोष है।

### अब जिला प्रशासन से कार्रवाई की उम्मीद

अब ग्रामीणों की नजर जिला प्रशासन और संबंधित विभागों पर टिकी हुई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर मौके का निरीक्षण कराने तथा गांव की सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उन्हें अपनी आवाज उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। फिलहाल जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर की बदहाल सड़कें और फैली गंदगी स्वच्छता व्यवस्था के दावों को आईना दिखा रही हैं। सवाल यह है कि ग्रामीणों की बार-बार शिकायत के बाद जिम्मेदार कब जागेंगे और गांव की सड़कों को गंदगी व कीचड़ से कब निजात मिलेगी?

# युवा उद्यमी योजना के लंबित आवेदनों पर तेजी लाने के निर्देश: संयुक्त आयुक्त उद्योग



वेलकम इण्डिया/असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत बैंक स्तर पर स्वीकृत एवं ऋण वितरण के लिए लंबित आवेदनों के निस्तारण को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। संयुक्त आयुक्त उद्योग गौरव मिश्रा ने बैंकर्स और उपायुक्त उद्योग के साथ योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी बैंकों को लंबित आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही अगस्त माह के अंत तक योजना की प्रगति में पर्याप्त सुधार लाने को कहा। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को समय से ऋण उपलब्ध कराया जाए, जिससे नए उद्यम स्थापित होने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ सकें। उपायुक्त उद्योग शिवशंकर कुमार ने लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी दी। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक रवि कुमार सिन्हा समेत विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक और बैंक अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# मुख्य सचिव ने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा की

वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सड़क सुरक्षा से संबंधित अनुश्रवण समिति की बैठ हुई। बैठक में प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, सड़क सुरक्षा उपायों, ब्लैक स्पॉट के सुधार सहित जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समितियों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान, मुख्य सचिव ने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं के कारणों का वैज्ञानिक ढंग से विश्लेषण किया जाए। उन्होंने सड़क की डिजाइन, रोड ज्योमेट्रिक्स तथा अन्य तकनीकी कमियों पर विशेष ध्यान दिए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर सड़क की स्थिति अथवा डिजाइन के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही है, वहां संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने रोड सेफ्टी ऑडिट को प्राथमिकता दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि टीम गठित कर बस अड्डों का नियमित ऑडिट कराया जाए। साथ ही, ऑडिट में प्राप्त सुझावों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक उपायों को लागू किया जाए।



मुख्य सचिव ने कहा कि मा. उच्चतम न्यायालय के निदेशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों एवं सवारियों के लिए हेलमेट के अनिवार्य उपयोग को प्रभावी रूप से सुनिश्चित करने तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन एवं पुलिस विभाग को नियमित रूप से प्रवर्तन संबंधी कार्रवाई की समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पर्वतीय मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से बांस के वृक्षों तथा क्रैश बैरियर/पैराफिट आदि के संबंध में पूर्व में वन एवं लोक निर्माण विभाग को दिए गए निदेशों पर हुई कार्रवाई की जानकारी भी ली । साथ ही अन्य राज्यों में अपनाई जा रही बेहतर सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं का अध्ययन कर उन्हें उत्तराखण्ड में लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट तथा दुर्घटना संभावित स्थलों का रोड सेफ्टी एवं थर्ड पार्टी ऑडिट कराने तथा ऑडिट के सुझावों के आधार पर सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समितियों की बैठकें निर्धारित समय पर नियमित रूप से आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बैठक का कार्यवृत्त संबंधित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। उन्होंने सचिव परिवहन को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमित एवं रूटीन कार्यों की लगातार निगरानी करने तथा आवश्यकतानुसार विभागों से समन्वय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए सेंसिटाइजेशन कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद रेस्क्यू आदि कार्यों के सेंसिटाइजेशन के लिए पुलिस, स्वास्थ्य एवं परिवहन विभाग की संयुक्त वर्कशॉप आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए प्रत्येक दो-तीन माह में अभियान मोड में व्यापक स्तर पर संचालित किया जाए। इसके लिए प्रचार-प्रसार का वार्षिक प्लान तैयार किया जाए। मुख्य सचिव ने राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्हें परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि हिट एंड रन के लंबित मामलों की सूची संबंधित जिलाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी अपने जनपद में लंबित मामलों की स्वयं भी समीक्षा कर शीघ्र से शीघ्र निस्तारित करें। मुख्य सचिव ने सड़क सुरक्षा जागरूकता फिल्मों का स्थानीय सिनेमाघरों में प्रदर्शन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता गतिविधियों के लिए विभागों द्वारा वर्षभर का समेकित प्रचार-प्रसार कैलेंडर तैयार किया जाए, ताकि अलग-अलग समय पर लक्षित समूहों के बीच सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। मुख्य सचिव ने ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग के समन्वय से विद्यालयों में सड़क सुरक्षा क्लबों की स्थापना और उन्हें सक्रिय रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

# कैबिनेट मंत्री कैड़ा ने जलागम प्रबंधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की और उनकी प्रगति जानी



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने शासकीय आवास पर जलागम प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की और उनकी प्रगति जानी। साथ ही अधिकारियों को जल संरक्षण, भू-संरक्षण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों को सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने हेतु स्पष्ट निर्देशित भी किया।

# श्रीनगर की मेयर समेत कई वार्डों के कांग्रेस एवं निर्दलीय पार्षद भाजपा में शामिल हुए



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, जिला अध्यक्ष श्री कमल किशोर रावत, जिला प्रभारी नलिन भट्ट एवं मंडल अध्यक्ष विनय की गरिमामयी उपस्थिति में नगर निगम श्रीनगर की महापौर श्रीमती आरती भंडारी तथा लखपत सिंह भंडारी सहित विभिन्न वार्डों के कांग्रेस एवं निर्दलीय पार्षदों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा परिवार में शामिल होने वाले पार्षदों में कांग्रेस से अनुराग चौहान एवं राजकुमार तथा निर्दलीय पार्षद श्रीमती मीना देवी, श्रीमती भावना चौहान, प्रवेश चमोली, विजय कुमार चमोली, आशीष नेगी, नरेंद्र सिंह रावत, अंजिनी भण्डारी एवं धर्म सिंह रावत जी शामिल हैं।

# किसान दिवस में समस्याओं पर सीडीओ सख्त, यूरिया की ओवररेटिंग पर तत्काल छापेमारी के निर्देश

विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया

**प्रतापगढ़।** शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 राममोहन मीना की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में किसानों एवं कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों ने खेती-किसानी, पशुपालन, दुग्ध खरीद, फसल बीमा और उर्वरक बिक्री से जुड़ी विभिन्न समस्याएं उठाईं। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने उपस्थित किसानों एवं कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए किसान दिवस के उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने पिछले किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण की प्रगति से भी अवगत कराया। इसके बाद विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किसानों के हित में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों से अपनी समस्याएं एवं सुझाव लिखित रूप में उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि संबंधित विभागों के माध्यम से उनका समय से निस्तारण कराया जा सके। उन्होंने जनपद में संचालित प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के संबंध में सभी संबंधित विभागों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दुग्ध विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि गांवों में 40 किसानों का समूह गठित कर डेयरी व्यवसाय संचालित किया जा सकता है। समूह को डेयरी संचालन के लिए विभाग की ओर से अनुदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। दूध क्रय करने के बाद प्रत्येक सप्ताह भुगतान की प्रक्रिया भी अपनाई जाती है। सीडीओ ने निर्देश दिया कि जिन गांवों में समूह के माध्यम से डेयरी संचालित नहीं हो रही है, वहां समूह गठित कर डेयरी व्यवसाय शुरू कराया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि गौशाला से निराश्रित गोवंश लेकर पालन करने वाले व्यक्ति को प्रति पशु प्रतिदिन 50 रुपये की धनराशि दी जाती है। एक व्यक्ति अधिकतम चार पशुओं का पालन कर सकता है।



किसानों ने पशुओं का टीकाकरण नहीं किए जाने तथा ग्राम कठार में संचालित गौशाला में जानवरों को छोड़ दिए जाने की शिकायत की। इस पर सीडीओ ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को तत्काल मौके का निरीक्षण कर जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विकासखंड संडवा चंद्रिका के अन्तू निवासी किसान संदीप मिश्रा ने अन्तू बाजार में उर्वरक विक्रेताओं द्वारा यूरिया निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बेचे जाने की शिकायत की। सीडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कृषि अधिकारी को शिकायतकर्ता के साथ उसी दिन अन्तू बाजार की उर्वरक दुकानों पर छापेमारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा कार्रवाई से उन्हें अवगत कराया जाए। विकासखंड लक्ष्मणपुर के जेठवारा निवासी अनन्त सिंह तोमर ने बताया कि उनके गांव में दुग्ध क्रय समिति द्वारा दूध की खरीद नहीं की जा रही है। भारतीय किसान यूनियन महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पम्मी सिंह ने किसानों को बैंक के माध्यम से बीमा क्लेम के भुगतान में हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया। वहीं, बाबा बेलखरनाथधाम विकासखंड के ग्राम दिलीपपुर निवासी शीला पाल ने जनपद में पशुओं की भी गणना कराए जाने का अनुरोध किया।

# मोहबरी गांव से तहसीलदार तक रामजीत यादव का गौरवपूर्ण सफर

## मेहनत और ईमानदारी को मिली बड़ी कामयाबीद्व नायब तहसीलदार से तहसीलदार पद पर पदोन्नति

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संत कबीर नगर।** जनपद संत कबीर नगर के मोहबरी गांव निवासी रामजीत यादव की मेहनत, संघर्ष, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को बड़ी सफलता मिली है। श्री यादव को तहसीलदार पद पर पदोन्नति मिली है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ मोहबरी गांव और क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रामजीत यादव वर्तमान में नवाबगंज तहसील में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी, गंभीरता और निष्ठा के साथ निर्वहन किया। अब तहसीलदार पद पर पदोन्नति मिलने के बाद उनकी जिम्मेदारियां और भी बढ़ गई हैं। श्री यादव का सेवाकाल विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से जुड़ा रहा है।

**- स्वास्थ्य विभाग से प्रशासनिक सेवा तक कर्तव्यनिष्ठा और संघर्ष की छोड़ी मिसाल**

प्रशासनिक सेवा में आने से पहले उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में जनपद कन्नौज और जनपद कानपुर में अपनी सेवाएं दीं। अलग-अलग विभागों और जनपदों में कार्य करते हुए उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और जिम्मेदारी से अधिकारियों एवं सहकर्मियों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई।

उनको करीब से जानने वाले लोग उन्हें बेहद मेहनती, संघर्षशील और ईमानदार व्यक्ति बताते हैं। उनका मानना है कि सरकारी सेवा केवल नौकरी नहीं बल्कि समाज और



आमजन के प्रति जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ उन्होंने अपने प्रत्येक दायित्व को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास किया है।मोहबरी गांव जैसे ग्रामीण परिवेश से निकलकर तहसीलदार जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद तक पहुंचना श्री यादव की लगन और संघर्ष की कहानी को बयां करता है। उनकी सफलता उन युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है, जो ग्रामीण परिवेश से निकलकर अपने जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करने का सपना देखते हैं। उन्होंने यह साबित किया है कि प्रतिभा और मेहनत के सामने परिस्थितियां कभी बाधा नहीं बन सकतीं।

श्री यादव की पदोन्नति की खबर मिलते ही गांव और क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। शुभचिंतकों का कहना है कि श्री यादव ने अपनी कार्यशैली से यह साबित किया है कि ईमानदारी, मेहनत और कर्तव्य के प्रति समर्पण व्यक्ति को निरंतर सफलता की ओर ले जाता है। तहसीलदार पद पर पदोन्नति मिलने के बाद क्षेत्रवासियों को उनसे और बेहतर प्रशासनिक कार्य की उम्मीद है। लोगों का कहना है कि जिस कर्मठता और ईमानदारी के साथ उन्होंने अब तक अपने दायित्वों का निर्वहन किया है, उसी भावना के साथ आगे भी जनहित और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देंगे।

# बीआरसी जाने का रास्ता बदहाल, आवाजाही दुश्वार

वेलकम इंडिया संवाददाता

**सेमरियावां।** बीआरसी सेमरियावां जाने वाला रास्ता लंबे समय से बदहाल है। बीएमसीटी मार्ग से बीआरसी तक करीब 200 मीटर दूरी में वर्षों पहले लगाया गया खड़ंजा अब पूरी तरह धंसकर गड्ढों में तब्दील हो चुका है। बारिश के बाद इनमें पानी और कीचड़ भरने से रास्ते पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद जिम्मेदार समस्या से अनजान बने हैं। इन दिनों बीआरसी सेमरियावां पर प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण भी चल रहा है। इसके चलते प्रतिदिन बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षणकर्मी बीआरसी पहुंच रहे हैं। बदहाल रास्ते के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि बीआरसी तक बाइक ले जाना भी मुश्किल हो गया है। शिक्षक और शिक्षणकर्मी बाइक बीएमसीटी मार्ग के किनारे खड़ी कर पैदल बीआरसी तक पहुंचते हैं।

# होटल-रेस्टोरेंटों में खाद्य विभाग की छापेमारी, पनीर-दूध व आइसक्रीम समेत चार नमूने लिए

विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंटों में सघन छापेमारी अभियान चलाया। सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सचल दल ने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा की जांच की। अभियान के दौरान पनीर, दूध एवं आइसक्रीम के कुल चार नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। खाद्य सचल दल ने नगर पालिका परिषद क्षेत्र के गोपालापुर के निकट स्थित प्रभाकर पैलेस सूर्या रेस्टोरेंट में छापामार कार्रवाई कर पनीर का एक नमूना जांच के लिए संग्रहित किया। इसके बाद जोगापुर स्थित बंधन रेस्टोरेंट से संदेह



के आधार पर दूध का नमूना लिया गया। इसी क्रम में भंगवाचुंगी स्थित सागर रतना रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर संदेह के आधार पर पनीर का एक नमूना संग्रहित किया गया। वहीं, अम्बेडकर चौराहा स्थित ब्राउन बेकर्स एंड रेस्टोरेंट की जांच के दौरान वादीलाल ब्रांड की आइसक्रीम का एक नमूना लिया गया। सभी चारों नमूनों को जांच एवं विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिया गया है। इसके अतिरिक्त खाद्य सचल दल द्वारा सगरा ढलान स्थित प्रतापगढ़िया एवं रेड रोज रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया गया। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। छापामार अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन सिंह, संतोष कुमार दूबे, डॉ. यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी एवं डॉ. शमशुन नेहा सहित खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मौजूद रही।

# एक दिवसीय मेला सकुशल शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न



वेलकम इंडिया फतेह खान

**शुजागंज/अयोध्या।** कोतवाली रूदौली क्षेत्र में नाग पंचमी के अवसर पर लगने एक दिवसीय मेला सकुशल शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया मेले में सीओ रूदौली, प्रभारी निरीक्षक रूदौली, अपराध निरीक्षक रूदौली, शुजागंज चौकी प्रभारी, पीएसी बल के जवान के साथ लगातार भ्रमण शील रह अपनी पैनी नजर रखे हुए थे। तथा मेले में किसी भी प्रकार की कोई भी आपातकाल हेतु फायर बिग्रेड टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। मेले में बच्चों के मनोरंजन हेतु खिलौना सर्कस झूला जादू विभिन्न प्रकार के मिष्ठान दुकान लगी हुई थी। जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली क्षेत्र के अंतर्गत भेलसर टिकैत नगर मार्ग हापा तिराहा पर कोतवाली रूदौली क्षेत्र में नाग पंचमी के अवसर पर लगने एक दिवसीय मेला सकुशल शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया मेले में सीओ रूदौली अरविंद सोनकर प्रभारी निरीक्षक रूदौली संजय मौर्य अपराध निरीक्षक शत्रोहन यादव शुजागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह पीएसी बल के जवान के साथ लगातार भ्रमण शील रह अपनी पैनी नजर रखे हुए थे। तथा मेले में किसी भी प्रकार की कोई भी आपातकाल हेतु फायर बिग्रेड टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। मेले में बच्चों के मनोरंजन हेतु खिलौना सर्कस झूला जादू विभिन्न प्रकार के मिष्ठान दुकान लगी हुई थी। इस अवसर पर निरीक्षक लल्लन, उपनिरीक्षक ज्ञान सिंह, जय सिंह, दयाराम हेड कांस्टेबल गण कांस्टेबल फैयाज अहमद सद्दाम हुसैन, अरमान अली, सत्यम गुप्ता आदर्श यादव अंबुज सिंह शरद शर्मा, रवि चौधरी, अभिषेक कुमार,राजेंद सिंह, सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स पीएसी जवान उपनिरीक्षक गण कांस्टेबल गण मौजूद रहे।

# दो दिन में 226 मनचलों से भरवाया माफीनामा

**संतकबीरनगर।** स्कूल-कॉलेजों के आसपास छात्राओं और महिलाओं को असहज करने वाले मनचलों के खिलाफ पुलिस ने दो दिवसीय ऑपरेशन मजनू अभियान चलाया। इस दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शिक्षण संस्थानों, प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग की गई। पुलिस ने 226 मनचलों से माफीनामा भरवाने के साथ ही 123 वाहनों का चालान किया। 1.25 लाख रुपये सम्मन शुल्क वसूलने के साथ पांच दोपहिया वाहन सीज किए गए। पुलिस टीमों ने स्कूल-कॉलेजों के आसपास अनावश्यक रूप से घूमने वाले युवकों और महिलाओं व छात्राओं को असहज करने वाली गतिविधियों में लिप्त लोगों पर निगरानी रखी। रास्ते में अशोभनीय हरकत, छेड़खानी या अनुचित व्यवहार करने वालों को चेतावनी देकर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, अभियान में सात लोगों का चालान किया गया। एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 296 बीएनएस में प्राथमिकी दर्ज किया गया।

# यूएलएमएमसी बाहरी राज्य की परियोजना में दी गई तकनीकी सेवाओं के एवज में 4.21 लाख रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई

वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** यूएलएमएमसी को पहली बार किसी बाहरी राज्य की परियोजना में दी गई तकनीकी सेवाओं के एवज में ₹4.21 लाख की राजस्व प्राप्ति हुई है। यह राशि यूएलएमएमसी द्वारा तैयार की गई डीपीआर और उपलब्ध कराई गई तकनीकी परामर्श सेवाओं के लिए प्राप्त हुई है। सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद के बादशाही बाग क्षेत्र में स्थित खारा हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना के भवन परिसर के समीप भूस्खलन की सक्रियता बढ़ने से परियोजना की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया था। समस्या के तकनीकी समाधान और आवश्यक सुरक्षात्मक कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड ने यूएलएमएमसी से संपर्क किया। निगम की ओर से यूएलएमएमसी को



भूस्खलन रोकथाम कार्यों की डीपीआर तैयार करने के साथ-साथ निर्माण कार्य के तकनीकी पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा गया।

इस कार्य को पूरा करने के लिए यूएलएमएमसी की तकनीकी टीम ने जनवरी 2025 में परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। स्थल की भौगोलिक एवं तकनीकी परिस्थितियों का अध्ययन करने के बाद आवश्यक जांच और विश्लेषण के आधार पर डीपीआर तैयार की गई। डॉ. शांतनु सरकार, निदेशक, यूएलएमएमसी के मार्गदर्शन में टीम ने डीपीआर तैयार करने से लेकर साइट सुपरविजन और अन्य तकनीकी कार्यों को पूरा किया। इस कार्य में सहायक अभियन्ता कौस्तुभ बड़थ्वाल सहित तकनीकी दल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यूएलएमएमसी की तकनीकी संस्तुतियों के आधार पर भूस्खलन रोकथाम के लिए निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। 19 अगस्त 2026 को इस उपलब्धि को एक और महत्वपूर्ण पड़ाव मिला, जब उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की ओर से डीपीआर एवं तकनीकी सेवाओं के लिए चेक सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास एवं महानिदेशक, यूएलएमएमसी देहरादून को सौंपा गया। सचिव ने बताया कि यूएलएमएमसी वर्तमान में भूस्खलन जोखिम को कम करने से जुड़े विभिन्न तकनीकी कार्यों में विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। यूएलएमएमसी की तकनीकी क्षमता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के लिए आठ से अधिक महत्वपूर्ण डीपीआर तैयार की जा चुकी हैं।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण, ग्रामीणों से संवाद कर समस्याएं जानीं

वेलवेलकम इंडिया संवाददाता



**पूरनपुर/पीलीभीत।** तहसील क्षेत्र में लगातार बनी बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति को देखते हुए बुधवार को उप जिलाधिकारी पूरनपुर मयंक गोस्वामी और तहसीलदार आशीष गुप्ता ने ग्राम शास्त्री नगर तथा चंदिया हजारा के विभिन्न मजरों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर बाढ़ की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं जरूरतों की जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से बाढ़ के चलते खेतों में हुए जलभराव और फसलों को संभावित नुकसान के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने अधिकारियों को क्षेत्र की मौजूदा परिस्थितियों से अवगत कराया। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल खेतों में पानी भरा होने के कारण फसल क्षति का वास्तविक आकलन करना संभव नहीं है। पानी उतरने के बाद कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराया जाएगा। सर्वे के आधार पर फसल क्षति का नियमानुसार आकलन कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।उप जिलाधिकारी मयंक गोस्वामी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और जरूरत पड़ने पर तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन की ओर से बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी की जा रही है।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि बाढ़ के दौरान अनावश्यक रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों में न जाएं और प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना देने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय ग्रामीण और संभ्रांतजन मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय समस्याओं की जानकारी दी। प्रशासन ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यकता के अनुसार राहत एवं बचाव कार्य किए जाएंगे।

# बच्चों की सुरक्षा को प्राइमरी स्कूल के जर्जर भवन पर चला बुलडोजर

वेलकम इंडिया संवाददाता



**पूरनपुर/पीलीभीत।** बच्चों की सुरक्षा को लेकर कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम बंगला उर्फ मित्रसेन के जर्जर कंपोजिट स्कूल भवन पर बुलडोजर चलाकर उसे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। बताया गया कि जर्जर भवन कभी भी किसी हादसे का सबब बन सकता था, इसीलिए गांव के प्रशासक की मौजूदगी में उसे गिरा दिया गया है। ग्राम प्रशासक पूनम वर्मा, उनके पति बृजेश कुमार और ग्राम पंचायत सचिव विजय पासवान ने बिल्डिंग ध्वस्त करने का प्रस्ताव दिया था। बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा कदम उठाया गया है। विद्यालय परिसर में बने कुछ पुराने और जर्जर कमरों को बुलडोजर की मदद से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है। यह कमरे इतने खस्ताहाल स्थिति में थे कि इनसे हर समय किसी अप्रिय घटना या बड़े हादसे का डर बना रहता था। बताते चलें कि हाल ही में पीलीभीत के बीसलपुर में एक विद्यालय का टीनशेड अचानक गिर जाने से बच्चे हादसे का शिकार हो गए थे। इस घटना के बाद से ही जिला प्रशासन हरकत में आया और पूरे जिले के सरकारी विद्यालयों में मौजूद जर्जर भवनों, असुरक्षित दीवारों और टीनशेडों को चिन्हित कर हटाने का अभियान शुरू कर दिया गया। इस स्कूल के खतरनाक कमरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कराया गया, ताकि स्कूल आने वाले मासूम बच्चों को सुरक्षित माहौल मिल सके। नौनिहालों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए समय रहते उठाए गए इस कदम के लिए इस पहल की स्थानीय लोगों और अभिभावकों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है।

# नशे के अवैध कारोबार पर बागेश्वर पुलिस का कड़ा प्रहार

## एसओजी ने अवैध शराब का परिवहन करते हुए एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/गोविन्द मेहता



**बागेश्वर।** उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय के निदेर्शों पर प्रचलित 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस अधीक्षक बागेश्वर जितेन्द्र मेहरा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही कर महत्वपूर्ण बरामदगी के निर्देश दिए गए है। वही कपकोट में पूर्व में तैनात उपनिरीक्षक और वर्तमान में एसओजी में तैनात तेजतर्रार एसआई जीवन सामंत के द्वारा अवैध नशे के कारोबार में लिप्त संदिग्धों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान जारी है। एसओजी टीम द्वारा थाना कपकोट क्षेत्रान्तर्गत भराड़ी सौंग रोड पर अभियुक्त हरीश कालाकोटी पुत्र कंचन सिंह निवासी कालू बदियाकोट थाना कपकोट, को वाहन संख्या यूके 02टीए- 2664 बोलेरो में तीन पेटी अंग्रेजी शराब व तीन पेटी बियर अवैध रुप से परिवहन करने पर गिरफ्तार किया गया है। जिस पर एसओजी टीम द्वारा चेकिंग में बरामद अवैध शराब की पेटियों के साथ पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ बीएनएस की धारा 60(1)/72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा कर पंजीकृत वाहन को सीज किया गया। वही कई सामाजिक संगठनों और नशामुक्ति अभियान से जुड़े लोगों ने एसओजी टीम के एसआई और अन्य पुलिस अधिकारी कर्मियों के कार्यो की सराहना की है और पुलिस अधीक्षक से विशेष तौर पर स्मैक का चोरी छिपे काला कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने हेतु विशेष अभियान जारी रखने और ऐसे तश्करो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की है। वही एसपी मेहरा ने आमजन से उनके आसपास अवैध नशे का काला कारोबार करने वालों पर नकेल कसने हेतु इसकी सूचना एसपी कार्यालय या टॉल फ्री नम्बर पर इसकी सूचना देने की अपील की है ।अवैध शराब पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसओजी के तेजतर्रार उपनिरीक्षक जीवन सामन्त कांस्टेबल संतोष सिंह, रमेश सिंह, भुवन बोरा आदि थे।

# बोहाला में सातों-आठों मेले की धूम, विधायक पार्वती दास ने किया मेले का शुभारंभ, मेला समिति को हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन

वेलकम इंडिया संवाददाता





**बागेश्वर।** जिले में सातूं पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। गौरी-महेश्वर पूजा के लिए गांवों में महिलाएं एकत्र हुईं। वही धुराफाट क्षेत्र के बोहाला में सातों आठों पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के लोगों और मेलासमिति ने मेले को भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए हरज्यूँ मन्दिर को भव्य तरीके से सजाया है। वही मेले का स्थानीय विधायक पार्वती दास ने शुभारंभ किया। उद्घाटन करते हुए विधायक ने सभी क्षेत्रवासियों और मेलासमिति को मेले के भव्य आयोजन हेतु बधाईया दी और मेले के भव्य आयोजन को लेकर अपने स्तर से पर्याप्त सहयोग का भरोसा दिया। वही मेला कमेटी द्वारा विधायक से मंदिर के सौन्दर्यीकरण, हेतु आवश्यक सहयोग की मांग की। जिस पर विधायक ने अपने स्तर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। गांव में उद्घाटन से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली और द्घाटन करते हुए पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव और माता गौरी की पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने गौरा सुनन्दा के ग्वारे के साथ देवी की स्तुति की। वही देवदास द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ देव स्तुति की गई। वही मेले को भव्य बनाने हेतु मेलासमिति के अध्यक्ष पूर्व सैनिक गोविन्द सिंह असवाल ने बताया कि मेले को भव्यता से आयोजित करने को लेकर सभी तैयारियां कर दी गई है। मेलार्थी भव्यता से मेले के रंगारंग कार्यक्रमों का लुत्फ उठा रहे हैं। मंत्रोच्चार के बीच लोकगीतों की धूम रही। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर हिमालय की बेटी को याद किया। कुल पुरोहित और वेदाचार्य पूरन चंद उपाध्याय और शिक्षक उमेश चंद उपाध्याय ने बताया कि सातूं उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति से जुड़ा पर्व है, जिसे सावन माह में श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व धन-धान्य और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान देश और समाज की सुख-समृद्धि के साथ परिवार की खुशहाली की कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोकपर्व गांवों को एकसूत्र में बांधने का काम करते हैं। पर्व के बहाने दूरदराज क्षेत्रों से बहु बेटियां अपने मायके में जाकर अपने सखियों और बुजुर्गों से मिलते हैं, बड़ो से खुशहाली का आशीर्वाद लेते हैं। लोग एक-दूसरे से मिलते हैं और सुख-दुख साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को भी पहाड़ की इस अनूठी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह रहा महिलाओं ने झोड़े चाचरी से मेले की शोभा में चार चांद लगा दिए और जिलेभर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान मेला समिति से जुड़े संरक्षक और ग्राम प्रधान मोहन सिंह असवाल, क्षेपं सदस्य बोहाला बहादुर सिंह मेहता, नरेंद्र रावत, दर्शन मेहता, चंदन रावत, भूपेंद्र मेहता, हरीश मेहता, योगेंद्र असवाल, ज्येष्ठ प्रमुख मनीष कुमार, कुंदन रावत, गोविन्द सिंह असवाल,सहित क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

# जनता की आवाज को मजबूती से उठाएगी सपा, धनपति वर्मा ने दिलाया भरोसा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता धनपति वर्मा ने बुधवार को 128 विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क एवं क्षेत्रीय भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बनौसा, नवदिया कुरैया, कुरैया नगरिया, लौकहा, नारायनठेर, कल्लिया, मंगदपुर, मंगदपुर गौटिया, जार, कैशोपुर, खजुरिया, पंचपेड़ा, फुटा कुंआ, कुरैया, वरगदा, डडियी राझे समेत कई गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों, किसानों, युवाओं, बुजुर्गों और क्षेत्रवासियों से मुलाकात की।

जनसंपर्क के दौरान धनपति वर्मा ने ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर विस्तार से बातचीत की। ग्रामीणों ने सड़क, जलभराव, रोजगार, किसानों की समस्याओं तथा अन्य स्थानीय जरूरतों से उन्हें अवगत कराया। धनपति वर्मा ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को अधिकारियों एवं संबंधित स्तर तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजनीति का उद्देश्य केवल चुनाव तक जनता के बीच पहुंचना नहीं, बल्कि लगातार लोगों के सुख-दुख में शामिल रहना और उनकी आवाज को मजबूती से उठाना होना चाहिए। गांवों में लगातार जनसंपर्क के माध्यम से वह क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को समझने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। इस दौरान समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को लेकर भी ग्रामीणों से संवाद किया गया। संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकताओं को सक्रिय करने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने पर जोर दिया गया। कार्यकताओं से भी आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने का आह्वान किया गया। धनपति वर्मा ने कहा कि किसान, मजदूर, नौजवान, छात्र, व्यापारी और समाज के सभी वर्गों के सम्मान एवं अधिकारों की लड़ाई समाजवादी पार्टी मजबूती से लड़ती रही है और आगे भी जनता की आवाज को सदन से लेकर सड़क तक उठाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि 128 विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर जनसंवाद का सिलसिला लगातार जारी रखा जाएगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों एवं कार्यकताओं में भी उत्साह देखने को मिला। धनपति वर्मा ने कार्यकताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# दो जिलो को जोड़ने वाली सड़क की बदहाली से क्षेत्रवासियों में रोष

**कांडा।** पंकज डसीला, कांडा तहसील के कमस्यारघाटी की लाइफलाइन मानी जाने वाली नरगोली-चंतोला-पौंसा-पोस्ताला-बेरीनाग मोटर मार्ग के डामरीकरण और सुधारीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों का सब्र अब जवाब देने लगा है। सड़क की बदहाली को सुधारो वरना भूकतो की नीति पर आने वाले समय में क्षेत्रीय जनता द्वारा मिलकर आईना दिखाने को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण लामबंद होने लगे हैं ।उन्होंने क्षेत्रीय जनता की उपेक्षा पर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इसके लिए जिम्मेदार होने के आरोप लगाए ।कहा कि विरोध में 23 अगस्त को नरगोली से बेरीनाग तक मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। इसमें बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि, युवा, महिलाएं और क्षेत्रवासी शामिल होंगे। बुधवार को पौंसा-पोस्ताला पंचायत घर में सड़क संघर्ष समिति की बैठक में आंदोलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

# वृहद रोजगार मेले में 415 अभ्यर्थियों ने कराया पंजीकरण



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मरिया/पीलीभीत।** जिला सेवायोजन एवं जिला कौशल विकास मिशन, पीलीभीत के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को दी ग्रेट आरपी मेमोरियल डिग्री कॉलेज अमरिया में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 18 कंपनियों ने भाग लेकर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। रोजगार मेले में नॉन टेक्निकल और टेक्निकल क्षेत्र के साथ ही डिप्लोमा धारक कुल 415 पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। चयन प्रक्रिया के बाद मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र और भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने 20 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय सिंह गंगवार के प्रतिनिधि एवं ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने युवाओं को रोजगार मेले का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य और अजय सिंह गंगवार ने कहा कि अमरिया क्षेत्र के भरा पचपेड़ा में 2800 एकड़ भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया है। यहां एशिया की सबसे बड़ी खमीर फैक्ट्री तैयार हो चुकी है। जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका उद्घाटन किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि फैक्ट्री के शुरू होने से जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे और उन्हें नौकरी के लिए दूसरे शहरों में भटकना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, अजय सिंह गंगवार, प्रमोद कश्यप, मानसिंह, सुरेंद्र रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# पालिका अध्यक्ष ने सुनी फरियाद, चंद दिनों में दूर हुआ अंधेरा; नादिर बरकाती व तौफीक अहमद कादरी की मांग पर लगी स्ट्रीट लाइट

वेलकम इंडिया संवाददाता



**पूरनपुर/पीलीभीत।** नगर क्षेत्र में अंधेरे की समस्या को लेकर की गई शिकायत का नगर पालिका परिषद ने संज्ञान लेते हुए मौके पर स्ट्रीट लाइट लगवा दी है। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की पहल पर लगाई गई लाइट से संबंधित मार्ग पर रात के समय राहगीरों और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। लाइट लगने के बाद क्षेत्र की तस्वीर भी बदल गई है और आवागमन पहले की अपेक्षा सुरक्षित हो गया है ।दरअसल, नगर के एक महत्वपूर्ण मार्ग पर रात के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग से दिनभर बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। आसपास धार्मिक स्थल, दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान होने के कारण देर शाम तक लोगों की आवाजाही बनी रहती है। अंधेरा होने के बाद राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को काफी दिक्कत होती थी। इसी समस्या को लेकर नादिर रजा और तौफीक कादरी ने नगर पालिका परिषद को लिखित पत्र देकर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की थी। शिकायतकताओं ने पत्र में बताया था कि संबंधित मार्ग पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था नहीं होने से रात में आवागमन करने वालों को परेशानी होती है। खासकर पैदल चलने वाले लोगों और आसपास के दुकानदारों को अंधेरे के कारण असुविधा का सामना करना पड़ता था। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद नगर पालिका की ओर से मार्ग पर आकर्षक स्ट्रीट लाइट लगवा दी गई। लाइट लगने के बाद रात के समय मार्ग रोशनी से जगमगा उठा ।स्थानीय लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष की पहल की सराहना करते हुए कहा कि छोटी लेकिन जरूरी समस्याओं पर समय से कार्रवाई होने से आम जनता को सीधा लाभ मिलता है। शिकायतकताओं नादिर रजा और तौफीक कादरी ने भी नगर पालिका अध्यक्ष का आभार जताया। लोगों ने उम्मीद जताई कि नगर क्षेत्र में जहां भी प्रकाश व्यवस्था की कमी है, वहां भी जल्द लाइटें लगवाई जाएंगी।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर संघर्ष वाहिनी का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

## मांगो पर जल्द कार्रवाई नही होने पर आमरण अनशन की चेतावनी

वेलकम इंडिया संवाददाता




**बागेश्वर।** संघर्ष वाहिनी बागेश्वर द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि लंबे समय से स्थानीय समस्याओं की अनदेखी की जा रही है, जिसके चलते उन्हें इस कड़े कदम को उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है ।संघर्ष वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी और पदाधिकारी अंकुर उपाध्याय के नेतृत्व में सौंपे गए मांग पत्र में क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए हैं ।जिनमे कंट्रीवाइड स्कूल के समीप कढ़ायतवाड़ा में जलभराव की समस्या का तुरंत समाधान , फुलवाड़ी-खाड़ीधार सड़क निर्माण के शासनादेश को जल्द जारी किए जाने, जिला चिकित्सालय बागेश्वर में डॉक्टरों की नियुक्ति , 108 एम्बुलेंस सेवा को मजबूत बनाए जाने और अस्पताल में बने नए वार्ड को जल्द संचालित किए जाने, गोमती पुल और सरयू पुल का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय महेंद्र सिंह करायत के नाम पर स्वीकृत मोटर मार्ग को कनगाड़छीना तक शीघ्र स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू करने,नगरपालिका बागेश्वर द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच और नगरपालिका सफाई कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने,मेहरू बुंगा बाईपास रोड का डामरीकरण कार्य जल्द से जल्द करने,,शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए ठोस व्यवस्था, मजियाखेत-तूनैरा रोड के दोनों तरफ पक्की नालियां, और सड़क निर्माण में हुए खर्च बजट और पूर्व में स्वीकृत सड़क के सर्वे की जांच किए जाने, निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच करने, नीलेश्वर गौ सेवा समिति को गोवंश और अन्य जानवरों के रख-रखाव के लिए गौशाला निर्माण हेतु भूमि आवंटित करने, की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जब तक प्रशासन इन मांगों पर कोई ठोस और सकारात्मक कार्रवाई नहीं करता, तब तक उनका यह अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी रहेगा ।इस दौरान नवनीत बिष्ट,विमला त्रिकोटी, सरस्वती कालाकोटी, इंद्रप्रभा कालाकोटी, जानकी हरड़िया, लीला बसेड़ा, देवुली कपकोटी, आशा खेतवाल, गीता, चम्पा, विनोद थापा, महेश सिंह कड़कोटी, प्रकाश पाण्डे, राजेन्द्र सिंह, केदार सिंह गस्याल, विजय परिहार, प्रकाश कांडपाल, नीरज मनराल, वीरेंद्र सिंह गस्याल, आशीष मंडोला, मयंक शाह, पंकज परिहार, अज्जू, आशीष पाल, जयदीप, मनीष चौबे, विशाल रावत और सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामाजिक कार्यकर्ता फैजान खान की शिकायत पर सुधरा गोरा गांव का खराब हैंडपंप

वेलकम इंडिया पीलीभीत

**गोरा, पीलीभीत।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव गोरा में लंबे समय से खराब पड़े हैंडपंप की समस्या आखिरकार दूर हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता फैजान खान की पहल और प्रशासनिक अधिकारियों से की गई शिकायत के बाद संबंधित विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर हैंडपंप की मरम्मत कर उसे दोबारा चालू कर दिया। हैंडपंप शुरू होने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है ।गांव के मुख्य चौराहे पर लगा यह हैंडपंप काफी समय से तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़ा था। सार्वजनिक स्थान पर लगे हैंडपंप के खराब होने के कारण आसपास रहने वाले ग्रामीणों और राहगीरों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खासकर गर्मी और उमस के बीच लोगों को पानी के लिए दूसरे स्थानों का रुख करना पड़ रहा था ।ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता फैजान खान ने मामले को गंभीरता से लिया।

# किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील का घेराव कर किया प्रदर्शन एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**अनूपशहर/बुलंदशहर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले कार्यकताओं और किसानों ने भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष एडवोकेट चौधरी अरब सिंह के नेतृत्व में बुधवार को विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बुलंदशहर अड्डे से तहसील परिसर तक सैकड़ों ट्रैक्टरों के काफिले के साथ हजारों किसानों ने रैली निकाली। इसके बाद किसानों ने तहसील का घेराव कर अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। किसानों ने विद्युत व्यवस्था, तहसील स्तर की समस्याओं, गन्ना भुगतान, आवारा पशुओं, नलकूपों की बिजली, सड़क एवं खनन सहित अन्य



मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। किसानों का कहना है कि लंबे समय से इन समस्याओं के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो पा रही है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने अधिकारियों से वार्ता करते हुए किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि समस्याओं का निर्धारित समय में समाधान नहीं हुआ तो किसान संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।



किसान नेताओं ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष एडवोकेट चौधरी अरब चौधरी बिशन सिंह सिरोही अभय सिंह लोधी लीलू प्रधान वीरेंद्र यादव कुमरपाल सिंह रिंकू कृष्ण दत्त त्यागी गुड्डू गजेंद्र सिंह सुरेन्द्र पहलवान संजय सिंह विजय सिंह कुंवरपाल सिंह सहित भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## फल सब्जी मंडी औरंगाबाद के अध्यक्ष चुने गए सुनील लोधी



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** सुनील लोधी को फल सब्जी मंडी का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। नव नियुक्त अध्यक्ष सुनील लोधी ने किसानों और आढ़तियों दोनों के हित संरक्षण और किसी का भी शोषण ना होने देने का प्रण लिया। नवीन सब्जी मंडी में समस्त फल सब्जी आढ़तियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सदस्यों को जानकारी दी गई कि फल सब्जी मंडी आढ़ती थोक विक्रेता वैलफेयर संगठन औरंगाबाद को रजिस्टर्ड करा लिया गया है। इस संगठन के अध्यक्ष का चुनाव किया जाना है। सभी मौजूद फल सब्जी आढ़तियों ने सर्वसम्मति से सुनील लोधी को संगठन का अध्यक्ष मनोनीत किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष सुनील लोधी ने अपने चयन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी आढ़ती अथवा किसान के साथ किसी भी स्तर पर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। किसानों और आढ़तियों की तमाम समस्याओं का निष्पक्ष रुप से निस्तारण कराने का हर संभव प्रयास सभी के सहयोग से किया जायेगा।

इस अवसर पर दयानंद गुप्ता हाजी युनूस, रियाजउद्दीन, हरीश लोधी बंटी लोधी लोकेश कुमार अग्रवाल छोटे मुनीम गोलू आढ़ती नवीन सैनी छोटे खां, बाबू खां योगेश कुमार इमरान ऋषि कुमार इकराम खान, हितेश कुमार शर्मा रवि कुमार दिगपाल यामीन मैम्बर सत्य प्रकाश पवन कुमार आदि अनेक लोग मौजूद रहे। बैठक में समस्त कार्य कारणी का भी गठन किया गया। जिसमें रियाजउद्दीन कुरैशी उपाध्यक्ष, दयानंद गुप्ता महासचिव, योगेश कुमार कोषाध्यक्ष तथा दिगपाल फारुख इमरान को सचिव नियुक्त किया गया।

## डॉ. अशोक राय ने सांसद मनोज तिवारी का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** वाराणसी आगमन पर भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी का लक्ष्मी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक एवं भाजपा काशी क्षेत्र चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्र संयोजक डॉ. अशोक राय ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ. अशोक राय ने सांसद मनोज तिवारी को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. अशोक राय और सांसद मनोज तिवारी के बीच विभिन्न सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े विषयों को लेकर आत्मीय संवाद हुआ। डॉ. अशोक राय ने कहा कि मनोज तिवारी ने कला, संस्कृति, समाजसेवा और जनप्रतिनिधित्व के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उनके वाराणसी आगमन से कार्यकताओं और शुभचिंतकों में विशेष उत्साह देखने को



मिला। डॉ. अशोक राय ने कहा कि वाराणसी देश की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक राजधानी है। काशी आने वाले प्रत्येक अतिथि का यहां की परंपरा के अनुरूप सम्मान करना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने सांसद मनोज तिवारी के स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक एवं सामाजिक भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सांसद मनोज तिवारी ने भी डॉ. अशोक राय द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत एवं सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने काशी की समृद्ध परंपरा, संस्कृति एवं आध्यात्मिक विरासत की सराहना करते हुए वाराणसी के प्रति अपने विशेष लगाव को व्यक्त किया। इस अवसर पर सुनील सिंह, अमित, अतुल सिंह, प्रभुनाथ राय 'दाढ़ी' एवं राहुल तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग और शुभचिंतक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने सांसद मनोज तिवारी का स्वागत करते हुए उनके साथ आत्मीय संवाद किया।

## डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा को भाजपा राष्ट्रीय मंत्री बनने पर डॉ. शुभम कुमार सेठ ने दी बधाई, संगठन की मजबूती पर किया गया मंथन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**नई दिल्ली/वाराणसी।** राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय मंत्री तथा स्वर्णकार समाज के गौरव डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा से वाराणसी के भाजपा नेता एवं पूर्व छात्रसंघ महामंत्री डॉ. शुभम कुमार सेठ ने उनके शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान डॉ. शुभम कुमार सेठ ने डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा को भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री की नई संगठनात्मक जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच संगठन, समाज और जनसेवा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। शिष्टाचार भेंट के दौरान युवा सशक्तिकरण, स्वर्णकार समाज के उत्थान, सामाजिक समरसता,



जनकल्याण तथा समाज के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हुई। डॉ. शुभम कुमार सेठ ने समाज के युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने को लेकर भी अपने विचार रखे। इस दौरान समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और सामाजिक एकजुटता को और मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकताओं के सशक्तीकरण, उनके सम्मान तथा संगठनात्मक विस्तार से जुड़े विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. शुभम कुमार सेठ ने संगठन में कार्यकताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण के बल पर ही



संगठन निरंतर मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यकताओं से बेहतर समन्वय और संवाद के माध्यम से संगठन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. शुभम कुमार सेठ ने कहा कि डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा का संगठन के प्रति समर्पण, राजनीतिक अनुभव एवं सक्रिय कार्यशैली भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. वर्मा ने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्यकताओं के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। राष्ट्रीय मंत्री की नई जिम्मेदारी मिलने से कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ है और इससे संगठन को निश्चित रूप से नई दिशा एवं गति मिलेगी। डॉ. शुभम कुमार सेठ ने कहा कि डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा की कार्यशैली में संगठन के प्रति प्रतिबद्धता के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर चलने की भावना दिखाई देती है।

## भांग के ठेके की आड़ में गांजे की बिक्री, 4.630 किलो गांजा बरामद



**गुलावठी (वेलकम इंडिया)।** थाना गुलावठी पुलिस ने सरकारी भांग के ठेके की आड़ में अवैध गांजे की बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 किलो 630 ग्राम गांजा, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटे, एक रजिस्टर और 4,070 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 18 अगस्त को धौलाना अड्डे के पास चेकिंग के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सरकारी भांग के ठेके की आड़ में गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर चोरी-छिपे बिक्री करता था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप कुमार पुत्र प्रमोद, निवासी राधानगर, थाना कोतवाली नगर, बुलंदशहर के रूप में हुई है। उसके खिलाफ गुलावठी थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक प्रदीप कुमार के खिलाफ पूर्व में भी शस्त्र अधिनियम, आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट के तहत चार मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संजेश कुमार और पुलिस टीम ने की।

## शिकारपुर की नई एसडीएम प्रतीक्षा पांडे ने संभाला कार्यभार

### सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को चेतावनी, मिलावटखोरों के खिलाफ जल्द चलेगा अभियान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**


**शिकारपुर।** शिकारपुर तहसील की नवनियुक्त उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा पांडे ने बुधवार को तहसील पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र की जनता की समस्याओं का त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर वे सीधे उनके पास आएं। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं और पात्र लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम प्रतीक्षा पांडे ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को



लेकर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है, वे स्वयं अवैध कब्जा हटा लें, अन्यथा प्रशासन की ओर से नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकारपुर, पहासू, छतारी और अहमदगढ़ क्षेत्र में अतिक्रमण की स्थिति की समीक्षा कर जल्द अभियान चलाया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों और सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाएगी।

नवनियुक्त एसडीएम ने तहसील कर्मचारियों को भी स्पष्ट संदेश दिया कि भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त होती है और जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तहसील क्षेत्र में अवैध वसूली की शिकायतों को भी गंभीरता से लेने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति द्वारा आम जनता से अवैध वसूली किए जाने की शिकायत सामने आने पर जांच कर जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम प्रतीक्षा पांडे ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व से पहले बाजारों में मिलावटखोरों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए संबंधित विभागों के साथ मिलकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिकारपुर के पूर्व एसडीएम रविंद्र प्रताप सिंह का स्थानांतरण सिकंदराबाद तहसील कर दिया गया है। उनके स्थान पर प्रतीक्षा पांडे ने शिकारपुर तहसील की जिम्मेदारी संभाली है। नई एसडीएम के कार्यभार संभालने के बाद अतिक्रमण, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे, मिलावटखोरी और भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रशासन की सक्रियता बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण और तहसील स्तर पर पारदर्शी कार्यप्रणाली को लेकर भी लोगों को नई प्रशासनिक पहल की उम्मीद है।

## नगला मदारीपुर में दिखा तेंदुआ, दहशत





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुगरासी।** ऊंचागांव क्षेत्र के गांव नगला मदारीपुर में बुधवार को तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। खेतों पर काम करने जा रहे किसानों और स्कूली बच्चों ने गजरौला मार्ग पर तेंदुए को गीदड़ का पीछा करते हुए देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। तेंदुए की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और खेतों में उसकी तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुआ लगातार आसपास के जंगल में घूमता दिखाई दे रहा है। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए मौके पर पिंजरा लगा दिया है। ग्रामीण रामभूल सिंह ने बताया कि वह खेतों पर चारा काटने जा रहे थे। इसी दौरान स्कूली बच्चों के साथ उन्होंने गजरौला मार्ग पर तेंदुए को गीदड़ के पीछे भागते देखा। सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वन दरोगा प्रमोद कुमार भारती ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और अकेले खेतों की ओर न जाने की सलाह दी है। इससे पहले अहार क्षेत्र में भी तेंदुआ दिखाई देने की सूचना सामने आई थी। लगातार तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

### भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत केसरी ने अपने प्रतिनिधिमंडल सँग एडीएम सिटी डाक्टर राजेश कुमार को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर किया सम्मानित

# प्रशासन और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय से विकास को मिलेगी गति: रणजीत केसरी

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत केसरी के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त अपर जिलाधिकारी वाराणसी (नगर) डॉ. राजेश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वाराणसी के व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं एवं व्यापारिक हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके समाधान की मांग रखी। वाराणसी में अपर जिलाधिकारी (नगर) का पदभार ग्रहण करने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत केसरी ने डॉ. राजेश कुमार को अंगवस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में संगठन की वाराणसी जिलाध्यक्ष आरती राय एवं पूर्वांचल अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने भी एडीएम सिटी को अशोक स्तंभ भेंटकर सम्मान एवं अभिनंदन किया। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा किए गए सम्मान से मुलाकात का वातावरण आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण रहा। मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत केसरी ने कहा कि वाराणसी का व्यापारी वर्ग शहर के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान होने से न केवल व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शहर के विकास को भी नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन सदैव व्यापारियों की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं रचनात्मक तरीके से उठाता रहा है। संगठन का उद्देश्य प्रशासन और व्यापारियों के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय स्थापित कर समस्याओं का





व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित कराना है। प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार के समक्ष व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से रखा। इस दौरान व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालन, स्थानीय प्रशासन से संबंधित विषयों, व्यापारियों को आने वाली व्यावहारिक परेशानियों तथा व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु बनाए रखने से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारियों और प्रशासन के बीच नियमित संवाद रहने से समस्याओं का समय रहते समाधान किया जा सकता है और अनावश्यक विवादों की स्थिति भी उत्पन्न नहीं होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत केसरी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान केवल व्यापारिक हितों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध शहर की अर्थव्यवस्था और विकास से भी है। उन्होंने कहा कि व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकार को राजस्व देने में भी महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। ऐसे में व्यापारियों को बेहतर वातावरण और आवश्यक प्रशासनिक सहयोग मिलना जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाने की अपेक्षा जताई। वाराणसी जिलाध्यक्ष आरती राय ने कहा कि व्यापारी समाज हमेशा प्रशासन के साथ सकारात्मक सहयोग के लिए तत्पर रहता है। व्यापारी वर्ग शहर की व्यवस्था और विकास में अपनी जिम्मेदार भूमिका निभाता है। यदि व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना और उनका समाधान किया जाए तो व्यापारी वर्ग और अधिक उत्साह एवं ऊर्जा के साथ शहर के विकास में अपनी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि संगठन प्रशासन के साथ मिलकर व्यापारियों के हित में रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्वांचल अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल समस्याओं को उठाना नहीं, बल्कि प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर उनके व्यावहारिक समाधान की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल से व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त एडीएम सिटी के कार्यकाल में व्यापारियों को प्रशासन का बेहतर सहयोग प्राप्त होगा और उनकी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान कराया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल की बातों को एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने गंभीरतापूर्वक सुना और व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की जायज समस्याओं को संबंधित विभागों के संज्ञान में लाकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रशासन और व्यापारी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय को महत्वपूर्ण बताते हुए सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया।

# डीपीएस नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा के विद्यार्थियों ने किया आईडीएसटी एवं डीपीएस मोदीनगर का शैक्षिक भ्रमण

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा की प्रधानाचार्या श्रीमती मंजु वर्मा अपने शिक्षकों की टीम तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के साथ आईडीएसटी, मोदीनगर, कादराबाद स्थित संस्थान के शैक्षिक भ्रमण पर पहुँचीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोग की जा रही आधुनिक तकनीकों, उपकरणों एवं उपचार की नवीनतम प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने संस्थान में चिकित्सकों एवं शिक्षकों के समर्पण, कार्यशैली तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के तरीके की भी प्रशंसा की। विद्यार्थियों ने आईडीएसटी के सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण को भी सराहा तथा चिकित्सा शिक्षा में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव के महत्व को समझा। इसके पश्चात डीपीएस नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा की टीम ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर का भी भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्रों के साथ संवाद किया तथा उनकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक अनुभवों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, समय-प्रबंधन, नियमित अध्ययन एवं परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए उपयोगी सुझाव और महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। विद्यार्थियों ने डीपीएस मोदीनगर के शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन, शिक्षण-पद्धति एवं विद्यालय की कार्यप्रणाली की भी सराहना की। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रेरणादायी बताया। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच हुआ यह संवाद शैक्षणिक आदान-प्रदान एवं सहयोग की भावना को और मजबूत करने वाला रहा। इस अवसर पर डॉ. विक्रम गांधी (सचिव, डीएमईटी), श्रीमती अनीशा गांधी (प्रो-वाइस चेयरपर्सन, दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर), विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही, हैडमास्टर श्री अंकित गालयान सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं अनुभवात्मक रहा।

इस प्रकार के शैक्षणिक आदान-प्रदान से विद्यार्थियों को अपने ज्ञान एवं अनुभवों को व्यापक बनाने के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध आधुनिक तकनीकों, कार्यप्रणालियों और शैक्षणिक अवसरों को समझने का अवसर मिलता है।

## संत रविदास की जयंती के अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** संत रविदास जी की 650 की जयंती के अवसर पर देहात मंडल क्षेत्र के ग्राम आबूपुर से नगर पंचायत पतला एवं नगर पंचायत निवाड़ी में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें संत रविदास जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किय कलश यात्रा में संजय त्यागी जिला महामंत्री किसान मोर्चा, देवेंद्र चौधरी जिला महामंत्री एवं विधानसभा संयोजक अमित तीसावर, विजेंद्र सिंह एडवोकेट जिला महामंत्री एससी मोर्चा गाजियाबाद एवं पूर्व सभासद नीलचंद फौजी पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं सभासद राकेश त्यागी पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी निवाड़ी सहकारी समिति के अध्यक्ष परवीन त्यागी नामित सभासद सत्येंद्रवाल्मीकि एवं रजनीश त्यागी आदि सैकड़ो व्यक्तियों ने संत रविदास जी से रविदास जी का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा संत रविदास के जीवन परिचय पर राकेश त्यागी विजेंद्र सिंह एडवोकेट सभी ने अपने विचार व्यक्त किए।

## 'अनावरण 5.0' के साथ सीएमडी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा का शुभारंभ



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** सेंटर फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (सीएमडी), मोदीनगर में प्रबंधन शिक्षा के नए सत्र 2026-28 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए 'अनावरण 5.0 - एक शुभारंभ' नामक अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन पार्व हॉल में भव्य एवं गरिमामयी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को डॉ. के. एन. मोदी फाउंडेशन के माननीय अध्यक्ष डॉ. डी. के. मोदी का स्नेह, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

उनके आशीर्वचनों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों में नई ऊर्जा, उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मयंक एन. गुप्ता, पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एएमएक्स, रहे। उन्हें फोर्ब्स इंडिया द्वारा 'भविष्य के लिए उल्लेखनीय संस्थापकों' की सूची में भी स्थान दिया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए नेतृत्व क्षमता, नवाचार, निरंतर सीखने तथा बदलते व्यावसायिक परिवेश के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के महत्वपूर्ण सूत्र बताए।

समारोह में कार्यकारी निदेशक डॉ. दीपांकर शर्मा , डॉ. एकता भारद्वाज, प्राचार्या, जी.डी.एम.आई. कॉलेज, तथा डॉ. पूजा शर्मा, प्राचार्या, डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

नवप्रवेशित विद्यार्थियों को डॉ. दीपांकर शर्मा, मयंक एन. गुप्ता तथा सीएमडी के निदेशक डॉ. रविन्द्र आर्या द्वारा प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक संबोधन प्रदान किए गए। अपने संबोधन में सीएमडी के निदेशक डॉ. रविन्द्र आर्या ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए संस्थान की वर्ष 1983 से चली आ रही 43 वर्षों की गौरवशाली प्रबंधन शिक्षा परंपरा का उल्लेख किया कार्यक्रम की सफलता में सुधांशु चतुर्वेदी, प्रो. दिव्या वत्स, प्रो. प्रियंका सक्सेना, डॉ. दीपली चौधरी, डॉ. निखिल सिरोही, विकास कुमार सहित सीएमडी के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। 'अनावरण 5.0' का यह आयोजन नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक नई शैक्षणिक एवं व्यावसायिक यात्रा का प्रेरणादायी शुभारंभ सिद्ध हुआ। सेंटर फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट, मोदीनगर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, उत्कृष्ट प्रबंधन शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2026 के लिए आरकेजीआईटीएम में आंतरिक हैकाथॉन का सफल आयोजन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आरकेजीआईटीएम), गाजियाबाद में 19 अगस्त 2026 को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एस0आई0एच) 2026 के लिए आंतरिक हैकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार, तकनीकी कौशल, रचनात्मक सोच एवं समस्या-समाधान की दिशा में कार्य करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश गोयल एवं डीन-एकेडमिक्स डॉ. मनोरमा शर्मा, डा0 आभा वत्स सहित ज्यूरी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अपने तकनीकी ज्ञान एवं रचनात्मक विचारों का उपयोग करते हुए समाजोपयोगी और व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। आंतरिक हैकाथॉन में विद्यार्थियों की कुल 16 टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन खुशबु पाण्डे द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश गोयल ने कहा, ह्लस्मार्ट इंडिया हैकाथॉन विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक सोच, तकनीकी ज्ञान और नवाचार को वास्तविक समस्याओं के समाधान में परिवर्तित करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागी टीमों, ज्यूरी सदस्यों, संकाय सदस्यों एवं स्टाफ सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। आरकेजीआईटीएम में आयोजित किया गया है।

## डॉ के एन मोदी कॉलेज में नशा जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया

### किसी भी देश के भविष्य और तरक्की के लिए नशा सबसे बड़ी रुकावट है: डॉ एस सी अग्रवाल




अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद के निर्देश के क्रम में नशा मुक्ति जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से नशे की बुराइयों को दूर करने के लिए मंचन किया और रैली के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया गया रैली में छात्रों ने नशा जागरूकता के स्लोगन भी लगाए प्रधानाचार्य ने बताया सभी छात्रों को नशे से होने वाले नुकसान और समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के बारे में विस्तार से समझाया गया। सभी छात्रों को अपने-अपने मोहल्ले और गांव में नशे से होने वाले नुकसान को सभी को समझाने के लिए प्रेरित किया। किसी भी देश के भविष्य और तरक्की के लिए नशा सबसे बड़ी रुकावट है रैली में छात्र नशे के जागरूकता के ऊपर स्लोगन लेकर चल रहे थे। इस अवसर पर द्वितीय पाली की इंचार्ज श्रीमती रेखा रानी तेजवीर सिंह दीपक कुमार अखिलेश कुमार रितेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। आज का युवा ही भविष्य की पीढ़ी का निमार्ता है यदि युवा वर्ग ही नशे की गिरफ्त में आ जाएगा देश कीतरक्की कैसे होगी इस पर सभी छात्रों को यह संकल्प दिलाया गया कि ना नशा हम करेंगे और दूसरों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे।

## एसआरएम इंस्टीट्यूट में 29वाँ इंडक्शन प्रोग्राम 2026 का शुभारंभ



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएम आईएसटी), दिल्ली-एनसीआर परिसर, मोदीनगर (गाजियाबाद) के ईश्वरी ऑडिटोरियम में 29वें इंडक्शन प्रोग्राम 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों के औपचारिक स्वागत और उनके शैक्षणिक सफर की प्रेरणादायक शुरूआत के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। स्वागत संबोधन में डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा ने विद्यार्थियों को अनुशासन और नवाचार के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद करियर सेंटर के निदेशक डॉ. एन. वेंकट शास्त्री ने 'एसआरएम में करियर निर्माण' सत्र के माध्यम से करियर नियोजन और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। उद्घाटन संबोधन प्रस्तुत करते हुए सदर्न इलिनॉय विश्वविद्यालय एडवर्ड्सविले (अमेरिका) के स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन डॉ. मारियो हेयेक ने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण विकसित करने का आह्वान किया, जबकि कुलपति प्रो. सी. मुथमिज्चेलवन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान और नैतिक मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया। अंत में दिल्ली-एनसीआर परिसर के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करने के उपरांत कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने नवागंतुक विद्यार्थियों को संस्थान के शैक्षणिक वातावरण, वैश्विक दृष्टिकोण और मूल्यों से भली-भांति परिचित कराया।

# रोमांचक मुकाबले के बीच सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल वॉलीबॉल कप का भव्य आयोजन सम्पन्न

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, निवाड़ी, मोदीनगर, गाजियाबाद के तत्वावधान में 17 एवं 18 अगस्त 2026 को इंटर स्कूल वॉलीबॉल सुरेविन कप का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, गौतम बुद्ध नगर एवं शामली जिलों की लगभग 40 टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के परिणाम अंडर-14 बालक वर्ग प्रथम स्थान -एम .एच. पब्लिक स्कूल बादलपुर, द्वितीय स्थान - महाराजा सूरजमल पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान - एस.टी. थॉमस स्कूल मोहिद्दीनपुर, अंडर-19 बालक वर्ग प्रथम स्थान -एम.एच. पब्लिक स्कूल ,बादलपुर, द्वितीय स्थान - सुरेविन वॉलीबॉल अकैडमी मोदीनगर, तृतीय स्थान - महाराजा सूरजमल पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर, अंडर-14 बालिका वर्ग, प्रथम स्थान - एम.एच. पब्लिक स्कूल, बादलपुर, द्वितीय स्थान - सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ,मोदीनगर, तृतीय स्थान - एल.ए. इंटरनेशनल स्कूल मेरठ,अंडर-19 बालिका वर्ग प्रथम स्थान -एम.एच. पब्लिक स्कूल बादलपुर, द्वितीय स्थान - डी.डी.पी.एस. गोविंदपुरम ,गाजियाबाद, तृतीय स्थान -सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ,मोदीनगर, निवाड़ी,प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी सुपूजा दहिया उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि सुभाष पंचाल, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच एवं FIVB लेवल -1 एवं लेवल -2 कोच ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु ने सभी प्रतिभागी टीमों, खिलाड़ियों, कोचों एवं आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से तुषार गुप्ता तथा विद्यालय संरक्षक डॉ. शिखा दरबारी का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सदस्य अभिषेक चौधरी (एच.ओ .डी. फिजिकल एजुकेशन ), उत्तम सिंधु, अनुज कुमार, रमन त्यागी एवं सुअंकिता साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करना तथा विद्यालय स्तर पर वॉलीबॉल खेल को प्रोत्साहित करना रहा।

## एचआईवी से बचाव की ढाल है सही जानकारी, समय पर जांच जरूरी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** एचआईवी संक्रमण से बचाव के लिए सही जानकारी, समय पर जांच और जरूरी सावधानियां बेहद महत्वपूर्ण हैं। इसी संदेश के साथ बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय, संजय नगर में एचआईवी एवं एड्स के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता प्रदर्शनी और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सचिन चंद्र वैश्य ने किया। इस दौरान लोगों को एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय, जांच की आवश्यकता और इससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी गई। सीएमओ डॉ. सचिन चंद्र वैश्य ने कहा कि एचआईवी से बचाव के लिए लोगों के बीच सही जानकारी पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने असुरक्षित यौन संबंधों से बचने, इंजेक्शन के लिए नई और निष्फल सिरिंज का ही इस्तेमाल करने तथा रक्त की आवश्यकता होने पर अधिकृत रक्त बैंक से ही रक्त लेने की अपील की। उन्होंने प्रत्येक गर्भवती महिला की प्रसव पूर्व एचआईवी जांच कराने पर भी विशेष जोर दिया, ताकि समय रहते आवश्यक चिकित्सकीय सलाह और उपचार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। जागरूकता और संवेदनशील व्यवहार के माध्यम से ही समाज में एचआईवी से जुड़ी गलत धारणाओं को दूर किया जा सकता है। लोगों को संक्रमण के संबंध में तथ्यात्मक जानकारी हासिल करने और आवश्यकता होने पर समय पर जांच कराने के लिए भी प्रेरित किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी एवं जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. अनिल कुमार यादव ने कहा कि टीबी और एचआईवी जैसी गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन रोगों से बचाव और नियंत्रण के लिए सरकारी प्रयासों के साथ जनसहभागिता भी बेहद आवश्यक है।

# दिव्यांग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर सरकार का जोर

### मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया विशेष विद्यालय का निरीक्षण






कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश नरेंद्र कश्यप ने बुधवार को समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, गाजियाबाद का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय भवन, कक्षाओं, छात्रावास, आवासीय भवन, खेल मैदान एवं परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण तथा बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा के साथ कौशल, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शिक्षण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों की विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी शिक्षण पद्धति अपनाने के निर्देश दिए। विद्यालय के अभिलेखों एवं रजिस्टरों को नियमित रूप से अद्यतन और सुव्यवस्थित रखने को कहा। साथ ही विद्यालय व छात्रावास में साफ-सफाई तथा खेल मैदान के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मंत्री ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान को व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा कर निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा। इस दौरान प्रवक्ता अशोक नौटियाल सहित विद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## नाग पंचमी के अवसर पर भंडारे का आयोजन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नाग पंचमी के शुभ अवसर पर शिव कावड़ सेवा संघ तेल मिल गेट मोदीनगर के जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ता नरेश मित्तल द्वारा कपड़ा मिल नाले पर स्थित परशुराम शिव मंदिर पर खीर के भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से देवराज मित्तल नवीन गर्ग मुकेश गुप्ता सागर मित्तल मुकेश अग्रवाल ठाकुर बलदेव सिंह प्रवीण मित्तल अनिल सैन महामंत्री भाजपा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नशे के लिए 20 रुपये नहीं देने पर दोस्त को चाकू से गोदा, मौत

## शालीमार गार्डन में वारदात से मचा हड़कंप, आरोपी समीर उर्फ गद्दू फरार; पुलिस गिरफ्तारी में जुटी




मृतक



कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के विक्रम एनक्लेव स्थित बंगाली कॉलोनी में नशे के लिए 20 रुपये मांगने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने पूर्व परिचित पर चाकू से हमला कर दिया।

गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयास कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 19 अगस्त को पीआरवी के माध्यम से शालीमार गार्डन पुलिस को बंगाली कॉलोनी में चाकूबाजी की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि समीर उर्फ गद्दू (20) पुत्र एहसान, निवासी बंगाली कॉलोनी, सीमापुरी, दिल्ली, नशे का आदी है। वह अपने पूर्व परिचित मुश्ताक पुत्र अंसार, निवासी विक्रम एनक्लेव, के पास आया था।

बताया गया कि समीर ने नशा करने के लिए मुश्ताक से 20 रुपये मांगे। रुपये देने से इनकार करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

इसी दौरान आरोपी ने चाकू से मुश्ताक पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए मुश्ताक घर के अंदर गया, लेकिन आरोपी ने वहां भी उस पर चाकू से दूसरा वार कर दिया। परिजन और स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल मुश्ताक को दिल्ली स्थित राजीव गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी समीर उर्फ गद्दू घटना के बाद से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

# शादी का झांसा देकर महिला को प्रताड़ित करने वाला दिल्ली पुलिसकर्मी गिरफ्तार

- आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में साहिबाबाद पुलिस की कार्रवाई, 24 घंटे में दबोचा आरोपी



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद पुलिस ने शादी का झांसा देकर महिला का शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न करने तथा आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 18 अगस्त को मृतका के पिता प्रदीप कुमार मुखिया निवासी नूरपुर, थाना मसूरी ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी 37 वर्षीय पुत्री, जो दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल थी, को सचिन कुमार ने शादी का झांसा देकर प्रताड़ित किया। मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर महिला ने आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर थाना साहिबाबाद पुलिस ने नामजद अभियुक्त हेड कांस्टेबल सचिन कुमार पुत्र राजकुमार, निवासी सिखरानी, थाना लोनी के खिलाफ धारा 69/108 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में आरोपी के विरुद्ध आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# कोको क्लब में एंट्री को लेकर बवाल, मालिक-कर्मचारियों से मारपीट






कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** थाना कौशांबी क्षेत्र स्थित कोको क्लब में मंगलवार रात एंट्री को लेकर विवाद के बाद क्लब मालिक एवं कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया। घटना की सूचना रात करीब 11 बजे डायल-112 के माध्यम से पुलिस को मिली।

सूचना मिलते ही थाना कौशांबी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा क्लब में प्रवेश को लेकर कर्मचारियों से विवाद किया गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने क्लब के सहकर्मियों एवं मालिक के साथ मारपीट की।

घटना के संबंध में थाना कौशांबी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है। टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तथा अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान होने के बाद उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मामले में पुलिस द्वारा सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# न्यू दादरी से गुजरात के लिए शुरू हुई रैपिड कार्गो सेवा, दिल्ली-NCR के कारोबार को मिलेगी तेज कनेक्टिविटी



कपिल चौहान

**ग्रेटर नोएडा (वेलकम इंडिया)।** न्यू दादरी रेलवे स्टेशन से बुधवार को गुजरात के लिए रैपिड कार्गो सेवा की शुरूआत हो गई। DFCCIL और भारतीय रेलवे की Joint Parcel Product–Rapid Cargo Service के तहत शुरू हुई यह सुविधा न्यू दादरी से गुजरात के न्यू मोटिडाऊ और न्यू अंकेली तक संचालित होगी। इस सेवा के माध्यम से पार्सल वैन द्वारा माल की तेज, सुरक्षित और व्यवस्थित ढुलाई की जाएगी। इससे दिल्ली-NCR से पश्चिमी भारत तक कार्गो पहुंचाने में लगने वाला समय कम होने के साथ लॉजिस्टिक्स लागत में भी कमी आने की उम्मीद है। सेवा के शुभारंभ के अवसर पर रेलवे एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के जरिए माल ढुलाई की क्षमता और गति को लगातार बढ़ाया जा रहा है। रैपिड कार्गो सेवा से क्षेत्र के व्यापारियों, उद्योगों और कारोबारियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलने के साथ क्षेत्रीय व्यापार को भी गति मिलने की उम्मीद है।

# लिफ्ट के बहाने लूट करने वाले गिरोह पर पुलिस का शिकंजा

## मुठभेड़ में दो बदमाश घायल; महिला समेत तीन गिरफ्तार









वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** थाना भोजपुर पुलिस ने एक्सप्रेस-वे पर लिफ्ट लेकर लूट करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके साथ एक महिला अभियुक्ता को भी गिरफ्तार किया।

आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, तीन जिंदा व तीन खोखा कारतूस, लूटा गया लैपटॉप, मोबाइल फोन, पैन कार्ड, चार डेबिट कार्ड, आईडी कार्ड तथा चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

पुलिस के मुताबिक, 2 अगस्त को एक व्यक्ति ने एक्सप्रेस-वे पर कार से लिफ्ट ली थी। कार में सवार तीन लोगों ने लिफ्ट देने के बाद उससे मोबाइल, लैपटॉप और पर्स लूट लिया था। शिकायत के आधार पर थाना भोजपुर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई थी।

बुधवार को मुखबिर की सूचना और मैनुअल इनपुट के आधार पर भोजपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपियों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में सागर खान और शिवम उर्फ विष्णु उर्फ डमरू घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं कविता पत्नी मन्नू को भी गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धाराएं बढ़ाते हुए आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में भी कार्रवाई की है। अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से अन्जुम सैफी को मिला मातृत्व का आर्थिक संबल



कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए आर्थिक संबल का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। ग्राम मसूरी, विकासखंड रजापुर निवासी श्रीमती अन्जुम सैफी पत्नी मौ. आमिर भी इस योजना से लाभान्वित होकर इसका सकारात्मक अनुभव साझा कर रही हैं।

अन्जुम सैफी ने बताया कि पहली बार गर्भवती होने पर आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्हें गर्भावस्था के खर्च और पोषण को लेकर चिंता थी। इसी दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रिया ने उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी। आंगनबाड़ी केंद्र पर पंजीकरण और प्रथम एएनसी जांच के बाद उन्हें योजना के तहत 3,000 रुपये की प्रथम किस्त प्राप्त हुई। इस धनराशि से गर्भावस्था के दौरान पोषण और आराम में उन्हें काफी मदद मिली। प्रसव के बाद बच्ची का आवश्यक टीकाकरण पूर्ण होने पर उन्होंने 2,000 रुपये की द्वितीय किस्त के लिए आवेदन किया है, जिसकी राशि प्राप्त होना अभी शेष है। अन्जुम ने बताया कि अब उनकी स्वस्थ बच्ची है और वह योजना के लिए सरकार की आभारी हैं। उन्होंने अन्य पात्र महिलाओं से अपील की कि वे नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र से संपर्क कर योजना की जानकारी लें और पात्रता के अनुसार लाभ उठाएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता चन्द्रा सहित विभागीय अधिकारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का सहयोग भी इस सफलता में महत्वपूर्ण रहा।

# पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर स्नैचर घायल, दो तमंचे और सोने की टिक्की बरामद









कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में बुधवार को स्वाट एवं सर्विलांस टीम नगर जोन तथा थाना नंदग्राम पुलिस की संयुक्त टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि पूर्व में स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम दे चुके कुछ अभियुक्त क्षेत्र में किसी वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मोरटी तिराहे पर चेकिंग शुरू की।

इसी दौरान बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। आरोप है कि दोनों बदमाश मोटरसाइकिल रोकने के बजाय भागने लगे और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी। घायल बदमाशों की पहचान आरिफ और जुबेर के रूप में हुई है।

पुलिस ने उनके कब्जे से दो सोने की टिक्की, दो तमंचे, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद किए हैं। दोनों अभियुक्तों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास बताया गया है और वे लूट व स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल रहे हैं। घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस उनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाने के साथ आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# मधुबन-बापूधाम में 109 परिवारों को मिला 'अपने घर' का तोहफा, ई-लॉटरी में दिखी खुशी








वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में बुधवार को 109 आवासीय भूखण्डों की ई-लॉटरी पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से हिंदी भवन में संपन्न हुई। उत्तर प्रदेश शासन एवं जीडीए उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रक्रिया में पात्र आवेदकों के बीच कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से भूखण्डों का आवंटन किया गया।

प्रथम चरण में टाइप ए, बी, सी और डी श्रेणी के भूखण्डों का आवंटन हुआ। इनमें 200 वर्गमीटर के 24, 150 वर्गमीटर के 49, 120 वर्गमीटर के 24 और 115 वर्गमीटर के 12 भूखण्ड शामिल हैं।

इन 109 भूखण्डों के लिए कुल 16,478 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें जांच के बाद 16,436 आवेदन पात्र पाए गए। ई-लॉटरी के दौरान सफल आवेदकों के मोबाइल पर तत्काल एसएमएस के जरिए चयन की सूचना पहुंची। सफलता का संदेश मिलते ही कई आवेदकों के चेहरों पर खुशी छलक उठी।

उनके लिए यह महज भूखण्ड का आवंटन नहीं, बल्कि परिवार के 'अपने घर' के सपने की ओर बड़ा कदम रहा। जीडीए के अनुसार सफल आवेदकों की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराने के बाद जल्द ही भूखण्डों का कब्जा उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना के शेष 241 भूखण्डों की ई-लॉटरी 20 अगस्त को होगी। प्रक्रिया का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

# गुरु रविदास जयंती पर कविनगर में निकली भव्य कलश वंदन यात्रा





कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में महानगर में चल रहे कलश वंदन यात्रा अभियान के तहत कविनगर मंडल में भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में निकली यात्रा मंडल के विभिन्न मंदिरों तक पहुंची, जहां श्रद्धापूर्वक कलश वंदन किया गया।

अभियान संयोजक वेद प्रकाश जाटव ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन समानता, सामाजिक समरसता और मानवता की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी समाज को एकता और सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना सभी का दायित्व है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर, पार्षद पवन गौतम, सुरेंद्र गहलोत, एससी मोर्चा मंत्री सतवीर, पत्रकार सोनाली सिन्हा, ऋतिक ढीलर, साहिब सिंह सिरोही सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में गुरु रविदास जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया।